

डेली
आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » सोमवार, 19 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :176 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

आज का भारती



बिना हाथों के तीरंदाजी में विश्व विजेता बनीं शीतल देवी

जम्मू-कश्मीर की पैरा तीरंदाज शीतल देवी आज देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक हैं। बिना हाथों के जन्म लेने के बावजूद उन्होंने अपने पैरों और कंधे की मदद से तीरंदाजी में विश्व स्तर पर पहचान बनाई है। शीतल ने वर्ष 2024 के पेरिस पैरालंपिक में कांस्य पदक जीता। वर्ष 2025 में वह विश्व पैरा तीरंदाजी चैंपियन बनीं और उन्हें 2025 की 'पैरा आर्चर ऑफ द ईयर' का सम्मान भी मिला। सितंबर 2026 में अहमदाबाद में आयोजित वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज में उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर देश का गौरव बढ़ाया। शीतल देवी की कहानी संदेश देती है कि मजबूत इरादे, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास से कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है।

फ्रांस में महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों लोग, कई शहरों में हिंसा और आगजनी

500 से अधिक गिरफ्तारियों की शुरुआती खबरों के बाद आंकड़ा बढ़कर करीब 1,800 तक पहुंचा; एक प्रदर्शनकारी की मौत, सैकड़ों पुलिसकर्मी घायल

डेली आवाज भारती



पेरिस। फ्रांस में बढ़ती महंगाई, महंगे होते जीवन-यापन और सार्वजनिक सेवाओं की बिगड़ती स्थिति के खिलाफ शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन उग्र रूप लेता जा रहा है। शनिवार को देशभर में लाखों लोग सड़कों पर उतरे। कई शहरों में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं, दुकानों में लूटपाट की गई और सार्वजनिक इमारतों को आग के हवाले कर दिया गया। रविवार को प्रशासन नुकसान का आकलन करने और हालात सामान्य बनाने में जुटा रहा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में 5 लाख से अधिक लोगों ने प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। फ्रांस के गृह मंत्री के मुताबिक, हिंसक घटनाओं के दौरान करीब 1,800 लोगों को हिरासत में लिया गया और 500 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए। पेरिस में प्रदर्शन के दौरान एक व्यक्ति की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। हिंसा का असर पेरिस के अलावा लिली, मार्सिले, बोर्डो और लिमोज जैसे शहरों में भी देखने को मिला। लिमोज शहर के 143 साल पुराने टाउन हॉल में आग लगा दी गई।

राष्ट्रपति मैक्रों की सरकार पर बढ़ा दबाव

लगातार बढ़ते विरोध ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है। फ्रांस में अगले वर्ष राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। सरकार ने हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। वहीं, प्रशासन प्रभावित कारोबारियों को सहायता देने और शहरों में सफाई तथा मरम्मत का काम शुरू करने में जुटा है।

20 अक्टूबर को पंजाब आएंगे अमित शाह

परविंदर सिंह झोटा के परिवार से कर सकते हैं मुलाकात

- **20 अक्टूबर को पंजाब आएंगे अमित शाह, परविंदर सिंह झोटा के परिवार से कर सकते हैं मुलाकात**
- **नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले झोटा की हत्या को लेकर पंजाब की सियासत गरमाई**

डेली आवाज भारती



मानसा, (डेली आवाज़ भारती): केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 अक्टूबर को पंजाब दौरे पर आएंगे। भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से इस संबंध में जानकारी साझा की गई है। इस दौरान अमित शाह द्वारा मानसा में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले दिवंगत परविंदर सिंह झोटा के परिवार से मुलाकात किए जाने की संभावना भी जताई जा रही है। गौरतलब है कि परविंदर सिंह झोटा की 13 अक्टूबर को मानसा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह नशे की कथित अवैध बिक्री के खिलाफ आवाज उठाते थे। इस घटना के बाद पंजाब में नशे के कारोबार और नशा विरोधी कार्यकर्ताओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मामले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगे जाने की बात भी सामने आई है। अमित शाह ने पंजाब में नशे की समस्या और कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। वहीं, पंजाब सरकार की ओर से झोटा हत्याकांड की पूरी जांच करवाने का भरोसा दिया गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमित शाह मानसा के अलावा गुरदासपुर में भी नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले दिवंगत विक्रमजीत सिंह के परिवार से मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि, उनके दौरे का विस्तृत आधिकारिक कार्यक्रम जारी होने की पुष्टि अभी बाकी है। झोटा की हत्या के बाद से ही परिवार और विभिन्न संगठनों की ओर से न्याय तथा नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई जा रही है। ऐसे में अमित शाह के पंजाब दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब सबकी नजरें 20 अक्टूबर पर टिकी हैं कि इस दौरे के दौरान नशे के मुद्दे और झोटा हत्याकांड को लेकर क्या कदम उठाए जाते हैं।

पंजाबः साग की गर्म पतीली में गिरने से डेढ़ साल के मासूम की मौत, परिवार में पसरा मातम

- **परिवार में पसरा मातम**



डेली आवाज भारती

मोगा (पंजाब)। पंजाब के मोगा जिले के गांव हीरा सिंह से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। सोशल मीडिया पर प्रसारित जानकारी के अनुसार, साग से भरी गर्म पतीली में गिरने के कारण डेढ़ साल के एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बच्चा घर में मौजूद था, तभी यह हादसा हुआ। गर्म साग से भरी पतीली में गिरने के कारण बच्चे की जान चली गई। घटना की खबर सामने आने के बाद इलाके में दुख का माहौल है।

पंजाब में अवैध खनन के खिलाफ चार अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी, बड़ी संख्या में मशीनरी और वाहन ज़ब्त

पठानकोट, कपूरथला और श्री आनंदपुर साहिब में अवैध खनन के खिलाफ सख़्त कार्रवाई



डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/हेमन्त मित्तल : पंजाब के खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज बताया कि पंजाब सरकार ने राज्य में अवैध खनन के ख़िलाफ़ कार्रवाई और तेज़ कर दी है। उन्होंने बताया कि पठानकोट, कपूरथला और श्री आनंदपुर साहिब में चार अलग-अलग स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान अवैध खनन में इस्तेमाल होने वाली बड़ी संख्या में मशीनरी और वाहन ज़ब्त किए गए हैं। इन कार्रवाइयों के दौरान एक स्टोन क्रशर मालिक के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया गया है और एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पठानकोट ज़िले के गांव जसवां में देर रात की गई कार्रवाई के दौरान विभाग ने एक पोकलेन मशीन और लगभग 400 क्यूबिक फुट बजरी से भरा बिना नंबर का टिप्पर ज़ब्त किया है। उन्होंने बताया कि ज़िला खनन विभाग की विभिन्न टीमों द्वारा गांव जसवां के क्रशर जोन में जांच के दौरान त्रेहन स्टोन क्रशर में पीले रंग की एक पोकलेन मशीन (मॉडल आर215एल, सीआर नंबर एन635डी01027) और बिना नंबर का एक टिप्पर (चेसिस नंबर एम.ए.टी. 569054 टी.ए.डी. 12679) मिला, जिसमें लगभग 400 क्यूबिक फुट बजरी लदी हुई थी। पुलिस द्वारा पोकलेन मशीन और बजरी से भरे टिप्पर को कब्ज़े में ले लिया गया। इस मामले में थाना तारागढ़ में माइंस एंड मिनरल्स एक्ट, 1957 की धारा 21(1) और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 303(2) तथा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि कार्यकारी इंजीनियर, ड्रेनेज-कम-माइनिंग एंड जियोलॉजी द्वारा पत्र संख्या 5243 दिनांक 22 मई, 2026 के माध्यम से त्रेहन स्टोन क्रशर को पहले ही निलंबित किया जा चुका था। इसके बावजूद जनरेटर की मदद से क्रशर चलाकर खनिज सामग्री बेची जा रही थी। क्रशर मालिक द्वारा लोगों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा था कि क्रशर सरकारी मंजूरी से चल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार यह स्टोन क्रशर नवजोत सिंह पुत्र खजान सिंह, निवासी गांव मनवाल बाग, थाना शाहपुरकंडी, ज़िला पठानकोट के नाम पर पंजीकृत है।

पंजाब के 'सफेद चने' और 'राजमा' वैश्विक बाजार में पहुंचे

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'पेरिस 2026' में 'सोहाना' (SOHANA) के नए उत्पादों को लॉन्च किया


डेली आवाज भारती



पेरिस। पंजाब सरकार द्वारा राज्य के कृषि क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर विस्तारित करने और निर्यात को मजबूत करने के प्रयासों के तहत, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दुनिया की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खाद्य उत्पाद प्रदर्शनियों में से एक, 'SIAL' (सियाल) में शिरकत की। मार्कफेड (पंजाब स्टेट कोऑपरेटिव सप्लाई एंड मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड) ने अपने प्रमुख ब्रांड सोहाना (SOHANA) के तहत दो नए उत्पाद - डिब्बाबंद सफेद छोले (Canned White Chickpeas) और डिब्बाबंद राजमा (Canned Rajma) - पेरिस 2026 (सैलून इंटरनेशनल डी लएलिमेंटेशन) में लॉन्च किए। पेरिस पहुंचे एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए, मुख्यमंत्री ने इंडिया पैवेलियन का दौरा किया और मार्कफेड के प्रदर्शनी स्टॉल का उद्घाटन किया। इस स्टॉल में पंजाब की कृषि विरासत, खाद्य प्रसंस्करण क्षमताओं और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरने की क्षमता को प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ट्विटर पर लिखा, यह पंजाब के किसानों और सहकारी संगठनों के लिए बड़े गर्व की बात है।

होर्मुज पर हमले तेज, एक सप्ताह के भीतर 14 जहाज क्षतिग्रस्त

डेली आवाज भारती



लंदन। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और उसके आसपास समुद्री जहाजों पर हमलों की घटनाएं बढ़ गई हैं। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) के अनुसार, रविवार सुबह यमन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तट के पास दो जहाजों पर हमले हुए। इससे पहले शनिवार को ईरान के सुरक्षा बलों ने तीन जहाजों में आग लगने की सूचना दी थी। इनमें से दो जहाज होर्मुज के भीतर या उसके आसपास समुद्री बारूदी सुरंगों की चपेट में आए थे। यूकेएमटीओ की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, 8 से 14 अक्टूबर के बीच करीब 14 जहाजों पर हमले हुए। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल का युद्ध शुरू होने के बाद यह एक सप्ताह में जहाजों पर हमलों की सबसे अधिक संख्या है। 11 अक्टूबर को एक ही दिन में कम से कम छह जहाजों को निशाना बनाया गया। इन घटनाओं के साथ 1 मार्च से अब तक दर्ज समुद्री सुरक्षा संबंधी घटनाओं की संख्या बढ़कर 149 हो गई है। हमलों के बीच इस रणनीतिक समुद्री मार्ग से गुजरने वाले जहाजों की संख्या में भी गिरावट आई है। 8 से 14 अक्टूबर के दौरान होर्मुज से केवल 42 जहाज गुजरे, जबकि इससे पिछले सप्ताह यह संख्या 60 थी। इस मार्ग से गुजरने वाले अधिकांश जहाज पेट्रोलियम उत्पाद ले जा रहे थे।

परविंदर सिंह झोटा के समर्थन में मानसा पहुंचे बब्बू मान, परिवार से मिलकर जताया दुख

- **नशों के खिलाफ झोटा की लड़ाई को बताया अहम, इंसाफ की मांग को लेकर चल रहे धरने में हुए शामिल**

डेली आवाज भारती



मानसा। पंजाबी गायक बब्बू मान रविवार को मानसा पहुंचे, जहां उन्होंने नशों के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा के मामले में इंसाफ की मांग को लेकर चल रहे धरने में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने झोटा के पिता भीम सिंह से मुलाकात कर परिवार के साथ दुख साझा किया और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। बब्बू मान ने कहा कि परविंदर सिंह झोटा जैसे दृढ़ संकल्प वाले नौजवान बहुत कम होते हैं। उन्होंने नशों के खिलाफ आवाज उठाकर समाज को जागरूक करने का काम किया। उन्होंने कहा कि झोटा का संघर्ष केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं था, बल्कि यह पंजाब के युवाओं को नशों से बचाने और समाज में जागरूकता फैलाने से जुड़ा हुआ था। गायक ने झोटा के पिता भीम सिंह के हौसले की सराहना करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ा होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंजाबियों को आपसी मतभेद भुलाकर पीड़ित परिवार का साथ देना चाहिए। बब्बू मान की धरने में मौजूदगी के दौरान वहां जुटे लोगों में परविंदर सिंह झोटा को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर चर्चा रही। झोटा हत्याकांड के बाद मानसा में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और परिवार की ओर से इंसाफ मिलने तक संघर्ष जारी रखने की बात कही जा रही है।

टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में फायरिंग: बाइक सवारों ने जुहू में दागीं 5 राउंड गोलियां

- **मुंबई पुलिस का कहना है कि गोलीबारी की घटना में एक्टर टाइगर श्रॉफ सुरक्षित**

डेली आवाज भारती

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर श्रॉफ जब जुहू के पुष्पा पार्क इलाके के पास थे, तभी एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग वहां पहुंचे। हमलावरों ने बिना किसी कहासुनी के अचानक टाइगर की गाड़ी पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अचानक हुए इस हमले में टाइगर के ड्राइवर और पास में मौजूद एक ऑटो-रिक्शा वाले को भी गोलियां लगी हैं। घटना के तुरंत बाद घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया गया। मुंबई पुलिस का कहना है कि गोलीबारी की घटना में एक्टर टाइगर श्रॉफ सुरक्षित हैं और उन्हें गोली लगने से कोई चोट नहीं आई है। हमलावरों की तलाश की जा रही है।

फायरिंग की वजह साफ नहीं, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

हमला क्यों हुआ, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने इलाके को सील कर दिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों की बाइक का नंबर और उनकी पहचान की जा सके। पुलिस चश्मदीदों के बयान दर्ज कर रही है।

जैकी श्रॉफ के बेटे, नाना एयर वाइस मार्शल थे

टाइगर श्रॉफ एक्टर जैकी श्रॉफ के बेटे हैं। उनके नाना एयर वाइस मार्शल रंजन दत्त वीर चक्र पुरस्कार विजेता थे। उन्होंने बेल्जियम की एक महिला से शादी की थी जिनका नाम क्लाउड मैरी डे केवी था। टाइगर श्रॉफ के दादा काकूलाल हरिलाला श्रॉफ गुजरात के ज्योतिषी थे जिन्होंने शिंजियांग में एक तुर्की महिला रीता से शादी की जो एक उइगर मुस्लिम थीं।

आर्थिक तंगी में गुजरा बचपन

स्टार किड होने के बावजूद टाइगर श्रॉफ का बचपन बहुत ही आर्थिक तंगी में गुजरा है। दरअसल,



उनकी मां आयशा श्रॉफ ने फिल्म 'बूम' प्रोड्यूस की थी। इस फिल्म को कैजाद गुस्ताद ने डायरेक्ट किया था। इसमें अमिताभ बच्चन, गुलशन ग्रोवर, जैकी श्रॉफ, जीनत अमान और जावेद जाफरी जैसे बे स्टार्स थे। वहीं, कटरीना कैफ की यह डेब्यू फिल्म थी। यह फिल्म बुरी तरह से फ्लॉप हो गई थी। एक इंटरव्यू के दौरान टाइगर श्रॉफ ने कहा था कि फिल्म 'बूम' के फ्लॉप होने के बाद परिवार को आर्थिक तंगी से गुजरना पे ा था। यहां तक कि उनके घर का फर्नीचर तक बिक चुका था। उन्हें जमीन पर सोना पे ा था। तब टाइगर सिर्फ 11 साल के थे। टाइगर की मानें तो वह उनके परिवार का सबसे बुरा समय था।

पिता जैकी श्रॉफ से भी ज्यादा नेटवर्थ

जैकी श्रॉफ चार दशकों से ज्े यादा लंबे करियर में लगभग 250 फिल्े मों में नजर आ चुके हैं। वहीं, टाइगर श्रॉफ 10 साल के करियर में 11 फिल्े मों में काम कर चुके हैं। मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक आज टाइगर श्रॉफ की नेटवर्थ 248 करोड़ रुपए है। वो एक फिल्म के लिए 25 करो रुपए चार्ज करते हैं। इसके अलावा टाइगर सोशल मीडिया और विज्ञापनों के जरिए भी कमाई करते हैं। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक पिता जैकी श्रॉफ की नेटवर्थ इस समय 212 करोड़ रुपए है। जैकी एक फिल्म के करीब 1 करोड़ रुपए फीस लेते हैं।

फिल्में फ्लॉप हुईं तो डिप्रेशन में चले गए

टाइगर श्रॉफ की ए फ्लाइंग जट, मुन्ना माइकल, और स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई थीं। सबसे बड़ा झटका उन्हें हीरोपंती 2 की रिलीज के बाद लगा था।

इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स ने बहुत खराब रिव्यूज दिए थे। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म बुरी तरह से पिट गई थी। इसकी वजह से टाइगर डिप्रेशन में चले गए थे। करण जौहर के शो कॉफी विद करण में टाइगर श्रॉफ ने कहा था- मैं बहुत दुखी हुआ, डिप्रेशन महसूस किया। मेरी कोई सोशल लाइफ नहीं है और ना ही मेरे बहुत सारे दोस्त हैं। जब मैं डिप्रेस होता हूं तो बहुत खाता हूं।

एयरोफोबिया से पीड़ित हैं टाइगर, फ्लाइट में खौ होकर ट्रैवल करते हैं

टाइगर श्रॉफ को एयरोफोबिया की शिकायत है। इस बात का खुलासा कहते हुए उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि फ्लाइट में उे ान भरने से डर लगता है। टाइगर के साथ 'बे मियां छोटे मियां' में काम कर चुके अक्षय कुमार ने भी एक बार इंटरव्यू में कहा था- टाइगर फ्लाइट में तभी बैठते हैं जब उन्हें उतरना और उड़ान भरना होता है। अन्यथा, वो डर के कारण पूरी उड़ान के दौरान खड़े रहते हैं।

CMYK

page 2_Layout 1 18-10-2026 20:48 Page 1

संत नामदेव जी की शिक्षाएं मानवता, समानता और श्रम के सम्मान का संदेश देती हैं : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की शिक्षाएं आज भी समाज को आपसी भाईचारे, प्रेम, समानता, मानवता और श्रम के सम्मान का संदेश देती हैं। संत-महापुरुष किसी एक जाति या वर्ग के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर ही अ'छे समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-21 स्थित नामदेव भवन में संत नामदेव जी महाराज के 756वें प्रकाशोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने नामदेव भवन के लिए



21 लाख रुपये देने की घोषणा की और हरियाणा नामदेव सभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष सतबीर वर्मा द्वारा समाज की मांगों को लेकर सौंपे गए मांग-पत्र पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत नामदेव जी ने अपनी वाणी और जीवन से भक्ति, मानव सेवा और मेहनत करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान का संदेश दिया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में भी उनकी वाणी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। हरियाणा सरकार भी अंत्योदय की भावना के साथ सभी वर्गों के कल्याण और सुशासन के लिए काम कर रही है। सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में 70 वादे पूरे किए गए हैं, जबकि 14× पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने गुरु रविदास जी, भगवान वाल्मीकि जी, भगवान विश्वकर्मा जी, भगवान परशुराम जी और भक्त धन्ना जाट सहित अनेक संत-महापुरुषों की जयंती सरकारी स्तर पर मनाने की पहल की है, ताकि उनकी शिक्षाएं नई पीढ़ी तक पहुंचें। मुख्यमंत्री ने रोहिला राजपूत समाज की सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए युवाओं से शिक्षा, कौशल और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

ओबीसी समाज के हित में उठाए कई कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने तथा केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, सैनिक स्कूलों और चिकित्सा शिक्षा में ओबीसी आरक्षण जैसे कदमों से समाज को आगे बढ़ने के अवसर मिले हैं। हरियाणा में पिछड़ा वर्ग की क्रीमी लेयर की आय सीमा 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये की गई है। बीसी-ए वर्ग को स्थानीय निकायों में प्रतिनिधित्व देने के साथ सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अग्निवीरों को सरकारी सेवाओं में अवसर देने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भी काम कर रही है। महिलाओं के कल्याण के लिए बजट में किए गए प्रावधानों और पात्र परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य आमजन को राहत देना है।

पंजाब में नशे और कानून-व्यवस्था पर सवालों के बीच सीएम मान फ्रांस दौरा चर्चा का विषय

डेली आवाज भारती



पंजाब में नशे की समस्या और कानून-व्यवस्था को लेकर जारी राजनीतिक बहस के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान का फ्रांस दौरा चर्चा का विषय बन गया है। मुख्यमंत्री के विदेश दौरे के समय को लेकर भाजपा ने पंजाब सरकार पर सवाल उठाए हैं। विपक्ष का कहना है कि जब राज्य में नशे और कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, तो मुख्यमंत्री को पंजाब में रहकर हालात संभालने पर ध्यान देना चाहिए। दरअसल, भगवंत मान के फ्रांस दौरे को लेकर केंद्र और पंजाब सरकार के बीच राजनीतिक मंजूरी का विवाद सामने आया था। मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तक पहुंचा, जहां से मुख्यमंत्री को दौरे की अनुमति मिलने के बाद उनके फ्रांस रवाना होने की खबर सामने आई। पंजाब सरकार के अनुसार, यह दौरा स्द्धरु Paris 2026 से जुड़ा है। इसका उद्देश्य पंजाब के कृषि एवं खाद्य उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ावा देना और राज्य के किसानों, कारोबारियों तथा निर्यातकों के लिए नए अवसर तलाशना है। वहीं, भाजपा ने दौरे के समय पर सवाल उठाते हुए कहा है कि पंजाब इस समय नशे की समस्या और कानून-व्यवस्था जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता राज्य के हालात सुधारना होनी चाहिए। इस मुद्दे पर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। एक ओर सरकार इस दौरे को पंजाब की अर्थव्यवस्था और कारोबार के लिए महत्वपूर्ण बता रही है, वहीं विपक्ष इसे राज्य की मौजूदा परिस्थितियों से जोड़कर देख रहा है। अब सवाल यह है कि क्या अंतरराष्ट्रीय बाजार में पंजाब के उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ सरकार राज्य में नशे और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों पर भी प्रभावी कार्रवाई कर पाएगी? मुख्यमंत्री के फ्रांस दौरे को लेकर जारी यह सियासी बहस आने वाले दिनों में और तेज होने के आसार हैं।

परविंदर सिंह झोटा के पिता का संघर्ष सराहनीय, ये पूरे पंजाब की लड़ाई : परगट सिंह

डेली आवाज भारती

जालंधर। नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर एक निजी व्यक्ति के पास लीक होने के मामले ने पंजाब में विवाद खड़ा कर दिया है। इस मामले में झोटा के पिता भीम सिंह ने पुलिस-प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जांच, मामला दर्ज करने तथा कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष परगट सिंह ने झोटा के पिता के संघर्ष की सराहना करते हुए इसे पूरे पंजाब की लड़ाई बताया है। जालंधर में पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष परगट सिंह ने कहा कि यह लड़ाई अब केवल परविंदर सिंह झोटा तक सीमित नहीं रह गई है बल्कि उनके पिता पूरे पंजाब की ओर से आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जवान बेटे को खोना किसी भी पिता के लिए बेहद दर्दनाक होता है। इसके



बावजूद भीम सिंह ने जिस हिम्मत से अपनी बात रखी है, वह सराहनीय है। परगट सिंह ने कहा कि कुछ लोगों ने इस मामले को हिंदू-सिख विवाद का रूप देने की कोशिश की लेकिन भीम सिंह ने भाईचारे और एकता की बात कही। उन्होंने उनके इस रुख की प्रशंसा की। मानसा में मीडिया से बातचीत के दौरान भीम सिंह ने आरोप लगाया कि सीडीआर लीक होने का मामला पुलिस-प्रशासन के भीतर चल रही गतिविधियों को उजागर करता है। उन्होंने माखन नामक एक व्यक्ति पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया और कहा कि पत्रकार कुलदीप सिंह धालीवाल को डराया-धमकाया जा रहा है। भीम सिंह ने पत्रकार धालीवाल का समर्थन करते हुए कहा कि वह एक गरीब परिवार से आने वाले पढ़े-लिखे युवा हैं। उन्होंने कहा कि वह कुलदीप सिंह धालीवाल के पिता को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं और उनके साथ खेतों में काम करते हैं। धालीवाल के पिता ने अपने बेटे को शिक्षित करने और उसे इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए काफी मेहनत की है। भीम सिंह ने डीएसपी गिल पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी को घटना की सूचना मिलने के बाद कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंचना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बजाय पत्रकारों और गरीब परिवारों से आने वाले शिक्षित युवाओं को डराया-धमकाया जा रहा है।

हसनपुर के एमआर स्कूल में लगेगा कृषि मेला, फल-सब्जी की खेती, डेयरी और मछली पालन से किसानों की आय बढ़ाने पर रहेगा जोर : ओमप्रकाश धनखड़

डेली आवाज भारती

झज्जर। पूर्व कृषि मंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि बादली हल्के के गांव हसनपुर स्थित एमआर स्कूल में 23 अक्टूबर को एग्री लीडरशिप समिट 2026 (कृषि मेला) का आयोजन किया जा रहा है। धनखड़ ने बताया कि क्षेत्र के किसानों के हित में इस बार एग्री लीडरशिप समिट 2026 ग्रामीण आँचल में आयोजित हो रहा है। धनखड़ ने बताया कि कृषि मेला का उद्देश्य किसानों को परंपरागत खेती से पैरी अर्बन खेती पर लाना है। पैरी अर्बन खेती यानी फल, फूल, सब्जी की खेती और डेयरी व मछली उत्पादन पर फोकस करते हुए किसान को सीधा मार्केट से जोड़ना। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बे ाने के लिए खेती का पैटर्न बदलना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। धान और गेहूं जैसी परंपरागत खेती देश भर में हो रही है। हमारे नजदीक दिल्ली और




एनसीआर की मार्केट है। जहाँ हम अपना पैरी अर्बन एग्री प्रोडक्ट सीधा बाजार में बेचकर कई गुना आय बे ा सकते हैं। पूर्व कृषि मंत्री ने बताया कि पैरी अर्बन खेती से किसानों की जमीन बचाना और आय बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि कृषि मेले में दो सत्र होंगे। सुबह के सत्र में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भगीरथ चौधरी, प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, हरियाणा एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल सहित कृषि विशेषज्ञ अपनी बात रखेंगे।

कुरुक्षेत्र में कश्मीरी स्लीपर बस पर हमले से भड़के ट्रांसपोर्टर, बोले-यहां होता तो हम जेल में होते

डेली आवाज भारती

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में कश्मीर जा रही एक स्लीपर बस पर हुए हमले को लेकर घाटी के ट्रांसपोर्टरों में भारी आक्रोश है। कश्मीर ट्रांसपोर्टर्स फेडरेशन के अध्यक्ष मीर मोहम्मद शफी ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और सरकार से निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, पीड़ितों को मुआवजा और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। मीर मोहम्मद शफी ने कहा कि यह हमला सिर्फ एक बस पर नहीं बल्कि कश्मीर के पूरे ट्रांसपोर्ट समुदाय पर हमला है। इस मामले में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का किया गया सोशल मीडिया पोस्ट काफी नहीं है बल्कि इस मामले में ठोस और जमीनी कार्रवाई होनी चाहिए। फेडरेशन अध्यक्ष मीर मोहम्मद शफी ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि जैसे ही घटना की खबर सामने आई, उन्होंने कश्मीर बस और स्लीपर बस एसोसिएशन के अध्यक्ष इमरान



बक्शी से बात की। वह काफी परेशान थे। इस घटना के बाद वह रात भर सो नहीं पाए। उन्होंने लगातार कॉल किए। हमारी पूरी टीम परेशान थी। शफी ने हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार से सवाल पूछते हुए कहा, ÷क्या कश्मीरी अब कहीं काम नहीं कर सकता? क्या कश्मीरी अब बाहर गाड़ी लेकर नहीं जा सकता? हम पूछना चाहते हैं कि आखिर जम्मू-कश्मीर की गाड़ियों को ही क्यों टारगेट किया जा रहा है? इसके पीछे क्या कारण है? मीर शफी ने दोहरे मापदंड पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, अगर ये घटना कश्मीर में हुई होती, तो हम लोग जेल में होते। हम पर पीएसए लगा दिया गया होता लेकिन वहां जिस व्यक्ति ने पिस्टल लहराई, लोगों को लाया और बस पर हमला किया, उसके खिलाफ अभी तक कोई एफआईआर दर्ज होने की सूचना भी हमें नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, हमने भाईचारा हमेशा निभाया है। जब यहां हालात खराब थे, तब भी बाहर से ड्राइवर गाड़ी लेकर यहां आते थे लेकिन हमने आज तक एक भी गाड़ी पर खरोंच तक नहीं आने दी। हमारे साथ क्या हुआ, सबने देखा। अगर इस तरह की घटनाएं नहीं रुकीं, तो इसका असर भाईचारे पर पड़ सकता है। आज अगर हम इस पर चुप बैठेंगे तो कल किसी और के साथ होगा। अगर कल हमने यहां गाड़ियां रोकनी शुरू कर दीं तो फिर भाईचारा भी खतरे में पड़ जाएगा लेकिन हम भाईचारे को खतरे में नहीं डालना चाहते। ट्रांसपोर्टर्स फेडरेशन ने हरियाणा सरकार, केंद्र सरकार, गृह मंत्री और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल से इस मामले में दखल देने की अपील की है। मीर शफी ने कहा, हमें इंसाफ दिलाया जाए।

कांग्रेस का ही एक गुट है सीजेपी, देशद्रोहियों को कर रही फंडिंग : भाजपा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। कर्नाटक के हुबली से भाजपा विधायक महेश तेंगिनाकाई ने कांग्रेस और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक इतिहास रहा है लेकिन आज उसकी स्थिति बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब ऐसे लोगों के साथ हाथ मिलाने की कोशिश कर रही है जो देशविरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। उन्होंने कहा, ÷कांग्रस के प्रदेश अध्यक्ष बीके हरिप्रसाद ने हुबली में जो बयान दिया है, वह बहुत गलत है। उन्होंने खुलेआम कह दिया है कि जो भी पीएम मोदी के खिलाफ हड़ताल करेगा या आवाज उठाएगा, हम उसे फंडिंग करेंगे और उसके साथ खड़े होंगे। यह कांग्रेस पार्टी का रवैया बन गया है।÷ भाजपा विधायक ने कहा कि कांग्रेस का केंद्रीय और राज्य नेतृत्व पूरी तरह से फेल हो चुका है। पार्टी अपने नेतृत्व को फिर से खड़ा नहीं कर पा रही है, इसलिए वह ऐसे



लोगों का सहारा ले रही है जो दहशत फैलाने और देशविरोधी काम करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों के साथ हाथ मिलाना और उन्हें फंडिंग करने की बात करना पूरी तरह से गलत है। तेंगिनाकाई ने कहा कि आने वाले दिनों में देश के 140 करोड़ लोग कांग्रेस को इसका करारा जवाब देंगे और उसे सबक सिखाएंगे। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने सीजेपी का समर्थन किया है। उन्होंने सीजेपी की तिरंगा यात्रा पर दर्ज हुई एफआईआर को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि तिरंगा यात्रा निकालना देशभक्ति का काम है, देशद्रोह का नहीं।

झोटा मामले में नया अपडेट: मानसा में धरना जारी, पिता बोले—इंसाफ मिलने तक नहीं होगा अंतिम संस्कार

झोटा मामले में नया अपडेट: मानसा में धरना जारी, पिता बोले—इंसाफ मिलने तक नहीं होगा अंतिम संस्कार

डेली आवाज भारती

मानसा। पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परमिंदर सिंह झोटा की मौत के मामले में इंसाफ की मांग को लेकर मानसा में विरोध प्रदर्शन जारी है। मृतक के पिता भीम सिंह ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनके परिवार को इंसाफ नहीं मिलता, तब तक वह अपने बेटे का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इस मामले को लेकर परिवार और एक्शन कमेटी ने निष्पक्ष जांच, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और ष्ठ्ठद्बह्लद्ब जांच सहित कई मांगें उठाई हैं। मानसा में धरने के दौरान भीम सिंह ने कहा कि परिवार को इंसाफ मिलने तक अंतिम संस्कार नहीं किया



जाएगा। परिवार की मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और यदि किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अश्वनी कुमार और उसकी पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की है। इसके अलावा, मानसा सिटी-2 की एसएचओ बेअंत कौर को निलंबित किए जाने की जानकारी भी सामने आई थी। हालांकि, किसी भी अधिकारी की कानूनी जिम्मेदारी का निर्धारण जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही होगा। इस मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगने की बात सामने आई। रिपोर्टों के मुताबिक, इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से पंजाब सरकार को पत्र भी भेजा गया है। अब सभी की नजरें पंजाब सरकार के जवाब और मामले में होने वाली अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

19 अक्टूबर को प्रदर्शन का आह्वान

एक्शन कमेटी ने 19 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी (ष्ठ्ठ) के मंत्रियों और विधायकों के आवासों तथा कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। कमेटी की मांग है कि झोटा मामले में परिवार को इंसाफ मिले और पंजाब में नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। परमिंदर सिंह झोटा का मामला अब न केवल परिवार के इंसाफ की मांग, बल्कि पंजाब में नशे के खिलाफ कार्रवाई, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर भी चर्चा का विषय बन गया है। अब देखना होगा कि सरकार और संबंधित जांच एजेंसियां इस मामले में आगे क्या कदम उठाती हैं।

किसान मोर्चा ने पूरे पंजाब में मीटिंग बुलाई

मानसा: मानसा में नशे के खिलाफ मुहिम चलाने वाले परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में परिवार अब तक धरने पर बैठा है। झोटा की मौत के पांचवें दिन भी परिवार ने उनका अंतिम संस्कार नहीं किया। परिवार और इंसाफ कमेटी अपनी मांगों पर अड़े हैं। वहीं, संयुक्त किसान मोर्चा पंजाब ने आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर बैठकें बुलाने का फैसला किया है। इन बैठकों में आगे की रणनीति तय की जाएगी। उधर, इंसाफ कमेटी ने 19 अक्टूबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक आम आदमी पार्टी के विधायकों के घरों के बाहर धरने देने का ऐलान किया है। इस दौरान विधायकों को लाहनती पत्र सौंपे जाएंगे। कमेटी ने इस कार्यक्रम के लिए लोगों को बड़ी संख्या में जुटाने की तैयारी की है। नेताओं का कहना है कि आने वाले संघर्ष के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए किसान संगठनों और अन्य पक्षों के बीच तालमेल जरूरी है।दूसरी ओर, जिला प्रशासन और पुलिस परिवार व इंसाफ कमेटी से बातचीत कर शव का पोस्टमॉर्टम करवाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि मामले की जांच और कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ सके। हालांकि, परिवार और कमेटी मुख्यमंत्री तथा डीजीपी के इस्तीफे और मामले की सीबीआई जांच की मांग पर कायम हैं। मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने के रुख के चलते अंतिम संस्कार पर सहमति नहीं बन पाई है।

सिद्धू मूसेवाला के छोटे भाई शुभदीप सिंह को लेकर विवाद, बाल सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

- ह्यूमन राइट्स संगठन ने जताई आपत्ति, संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने का किया दावा

डेली आवाज भारती

पंजाब। मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के छोटे भाई शुभदीप सिंह को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। एक ह्यूमन राइट्स संगठन ने बच्चे की सुरक्षा और उसके व्यवहार को लेकर चिंता जताई है। संगठन का दावा है कि इस मामले में बाल संरक्षण से जुड़े अधिकारियों के पास शिकायत की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, संगठन ने एक वीडियो में बच्चे द्वारा मंच पर पिस्तौल जैसे इशारे करने और 'ठाह-ठाह' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किए



जाने पर आपत्ति जताई है। संगठन का कहना है कि इस तरह के हाव-भाव और शब्दों का बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है, इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। संगठन ने सवाल उठाया है कि सार्वजनिक मंचों पर बच्चों द्वारा हथियारों से जुड़े इशारे करना और गोली चलाने जैसी आवाजें निकालना उनके व्यवहार और सोच को किस तरह प्रभावित कर सकता है। इसके साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बच्चों से जुड़ी ऐसी वीडियो सामग्री पर ध्यान दें और जरूरत पड़ने पर उचित कानूनी कदम उठाएं।

शिकायत और कानूनी उल्लंघन साबित होना अलग-अलग बातें

इस मामले में यह स्पष्ट करना जरूरी है कि किसी संगठन की ओर से शिकायत किए जाने का दावा अपने आप में किसी कानूनी उल्लंघन का प्रमाण नहीं है। फिलहाल संबंधित अधिकारियों की आधिकारिक प्रतिक्रिया और शिकायत की पुष्टि सामने आना बाकी है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि बाल संरक्षण से जुड़े अधिकारी इस मामले में क्या रुख अपनाते हैं और शिकायत के संबंध में आगे कोई कार्रवाई की जाती है या नहीं।

एडिड स्कूलों के अन-एडिड शिक्षकों ने धूरी में किया सड़क जाम, सेवाएं पक्की करने की मांग

एडिड स्कूलों के अन-एडिड शिक्षकों ने धूरी में किया सड़क जाम, सेवाएं पक्की करने की मांग



डेली आवाज भारती

संगरूर/धूरी। पंजाब के एडिड स्कूलों में कार्यरत अन-एडिड शिक्षकों ने अपनी सेवाएं नियमित करने की मांग को लेकर धूरी के कक्कड़वाल चौक पर धरना दिया और सड़क जाम कर पंजाब सरकार के खिलाफ रोष जताया। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की। धरने पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि वे लंबे समय से एडिड स्कूलों में विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ-साथ अन्य जिम्मेदारियां भी निभा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बेहद कम वेतन पर काम करना पड़ रहा है। कम वेतन के कारण उन्हें अपने परिवारों का खर्च चलाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी शिक्षकों के अनुसार, पंजाब में 484 एडिड स्कूल और 95 निजी ग्रांट-इन-एड स्कूल हैं। इन स्कूलों में कार्यरत अन-एडिड शिक्षकों को स्कूल प्रबंधन समितियों की ओर से वेतन दिया जाता है। शिक्षकों का कहना है कि यह वेतन उनकी जरूरतों के मुकाबले काफी कम है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। शिक्षकों ने बताया कि वर्ष 2002-03 के दौरान पंजाब सरकार की ओर से एडिड स्कूलों में नई भर्ती पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद एडिड पदों पर नियमित भर्ती नहीं होने के कारण कई शिक्षक सेवानिवृत्त हो गए। खाली हुए पदों पर पढ़ाई का काम जारी रखने की जिम्मेदारी अन-एडिड शिक्षकों पर आ गई। शिक्षकों का कहना है कि वे लंबे समय से स्कूलों में शैक्षणिक कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं और वेतन संबंधी लाभ नहीं मिल रहे हैं।

सरकार से नियमित करने के लिए ठोस नीति बनाने की मांग

धरने के दौरान शिक्षकों ने पंजाब सरकार से मांग की कि एडिड स्कूलों में कार्यरत अन-एडिड स्टाफ की सेवाएं नियमित करने के लिए ठोस नीति बनाई जाए। इसके साथ ही उन्हें उचित वेतन, वेतन संबंधी लाभ और अन्य जरूरी सुविधाएं भी प्रदान की जाएं। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाता, तब तक उनकी समस्याएं बनी रहेंगी। अब देखना होगा कि पंजाब सरकार शिक्षकों की मांगों पर क्या कदम उठाती है।

CMYK

page 3_Layout 1 18-10-2026 20:57 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ❯❯ सोमवार, 19 अक्तूबर 2026

खेलां वतन पंजाब दियां-2026: राज्य स्तरीय तीरंदाजी एवं रग्बी प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

रग्बी अंडर-14 में अमृतसर और अंडर-21 में फरीदकोट की टीम बनी विजेता

डेली आवाज भारती

अमृतसर। पंजाब सरकार एवं खेल विभाग पंजाब द्वारा खेलां वतन पंजाब दियां-2026 के अंतर्गत अमृतसर में आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी एवं रग्बी प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले करवाए गए। ये प्रतियोगिताएं 23 अक्टूबर तक जारी रहेंगी। जिला खेल अधिकारी अमृतसर श्री गुरप्रीत सिंह ने बताया कि तीरंदाजी के मुकाबले गुरु नानक स्टेडियम तथा रग्बी के मुकाबले खालसा कॉलेज और खालसा कॉलेज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अमृतसर में करवाए जा रहे हैं। आज खालसा कॉलेज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्री तरुण वालिया, स्पोर्ट्स यूथ प्रधान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित



किया। इसी प्रकार गुरु नानक स्टेडियम में तीरंदाजी प्रतियोगिताओं के दौरान श्री जगजीत सिंह सैकी, विधानसभा क्षेत्र ईस्ट के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता, ने अपने साथियों सहित शिरकत की। इस अवसर पर वरिष्ठ तीरंदाजी खिलाड़ी लेफ्टिनेंट कर्नल श्री गुरपाल सिंह धंजू भी उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया। अंडर-14 लड़कों के फाइनल मुकाबले में अमृतसर की टीम ने पहला, मानसा की टीम ने दूसरा तथा कपूरथला की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-21 लड़कों के सेमीफाइनल में कपूरथला की टीम ने अमृतसर को 12-7 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में फरीदकोट की टीम ने संगरूर को 24-0 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में फरीदकोट की टीम ने कपूरथला को 29-7 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस वर्ग में फरीदकोट ने पहला, कपूरथला ने दूसरा तथा अमृतसर की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

लड़कों की कंपाउंड स्पर्धा के परिणामः

- **अंडर-14:** एकमजोत सिंह (मानसा) ने पहला, प्रभनूर सिंह (श्री मुक्तसर साहिब) ने दूसरा तथा अनमोलप्रीत सिंह विर्क (अमृतसर) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- **अंडर-17:** नवदीप सिंह (पटियाला) ने पहला, धनंजय (फाजिल्का) ने दूसरा तथा निहाल सिंह (संगरूर) ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- **अंडर-21:** समरदीप सिंह (फिरोजपुर) ने पहला, नवजोत सिंह (मानसा) ने दूसरा तथा अमरिंदर सिंह (मानसा) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- **आयु वर्ग 21-30:** उदय कंबोज (फाजिल्का) ने पहला, संगमप्रीत सिंह बिसला (पटियाला) ने दूसरा तथा हरप्रीत सिंह (श्री मुक्तसर साहिब) ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी श्री गुरप्रीत सिंह के अतिरिक्त सॉफ्टबॉल कोच श्री इंदरवीर सिंह, तीरंदाजी कोच श्री सुखमिंदर सिंह, फिजिकल ट्रेनर श्री जसप्रीत सिंह, सॉफ्टबॉल कोच सुश्री मनप्रीत कौर, हॉकी कोच सुश्री मनजीत कौर, एथलेटिक्स कोच सुश्री निशा कुमारी, बॉक्सिंग कोच सुश्री रजनीश कौर, जूडो कोच सुश्री अंकाशा रावत सहित खेल विभाग के अन्य कोच भी उपस्थित थे।

संगरूर के लहरागागा में भीषण सड़क हादसा

बेकाबू कार ने मनरेगा मजदूरों को कुचला, कई की मौत

डेली आवाज भारती

लहरागागा (संगरूर), पंजाब के संगरूर जिले के अंतर्गत लहरागागा-जाखल मुख्य मार्ग पर रविवार शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे काम कर रहे मनरेगा (MNREGA) मजदूरों को बेरहमी से कुचल दिया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में करीब 5 से 8 मजदूरों की मौत होने की आशंका है, जिनमें अधिकांश महिलाएं शामिल हैं। वहीं, कई अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, लहरागागा-जाखल रोड पर गांव चोटियां और पिंग अलीशेर के पास मनरेगा योजना के तहत करीब 23 श्रमिक सड़क किनारे सफाई और मरम्मत के काम में लगे हुए थे। इसी दौरान जाखल की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार अचानक संतुलन खो बैठी और सीधे काम कर रहे मजदूरों के ऊपर चढ़ गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कई मजदूर हवा में उछलकर दूर जा गिरे। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आस-पास के ग्रामीणों ने तुरंत इकट्ठा होकर घायलों को संभाला और अस्पताल पहुंचाया। प्रशासन और एम्बुलेंस की कथित देरी से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। लोगों ने शवों को सड़क पर रखकर संगरूर-जाखल मुख्य मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया और पंजाब सरकार व स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर मुख्य सड़कों पर काम करने वाले दिहाड़ी और मनरेगा मजदूरों की सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे काम के दौरान न तो कोई सुरक्षा घेरा (बैरिकेडिंग) बनाया गया था और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था। पुलिस बल मौके पर पहुंच चुका है और स्थिति को नियंत्रण में लेने व कार चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया में जुटा है। क्या आप इस समाचार रिपोर्ट में संपादक (Editor) या अपने नाम की बायलाइन (Byline) जोड़ना चाहते हैं, या आपको इसके लिए कोई आकर्षक हेडिंग (Headline) बदलनी है?

दिवाली से पहले केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र को स्ट्रीट लाइटों से जगमगा दिया जा रहा है : विधायक डॉ अजय गुप्ता

विधायक डॉ गुप्ता ने वार्ड नंबर 60 में स्ट्रीट लाइट लगवाने के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

डेली आवाज भारती

अमृतसर। केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता ने वार्ड नंबर 60 के क्षेत्र गली सूरज वाली, गली अंजुमन पार्क, गुजराती बस्ती में नई एलइडी स्ट्रीट लाइट लगवाने के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि दिवाली से पहले केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र को स्ट्रीट लाइटो से जगमगा दिया जा रहा है। विधायक डॉ गुप्ता ने कहा कि वार्ड नंबर 60 के क्षेत्र में पहले नई सीवरेज व्यवस्था डाली गई है। अब इन गलियों को पक्का बनाने के कार्य शुरू करवाए जा रहे हैं। इससे पहले ही इन गलियों में एलइडी स्ट्रीट लाइटे लगवाने का कार्य शुरू करवा दिया गया है। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र की



सभी वार्डों में इंप्रूवमेंट ट्रस्ट अमृतसर से लगभग 1100 नई एलइडी स्ट्रीट लाइटे लगवाने के कार्य की मंजूरी दिलवाई गई है। जिसके तहत प्रतिदिन जहां-जहां स्ट्रीट लाइट की कमी है, वहां वहां पर नई लाइटे लगवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दिवाली से पहले मंजूर की गई सभी लाइटों को लगवा दिया जाएगा। वधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में विकास का कोई भी कार्य अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हलके की सभी वार्डों और तीनों पंचायत के क्षेत्र में खराब सीवरेज व्यवस्था को बदला जा रहा है। नई सीवरेज व्यवस्था डालने के बाद गलियों को सीसी फ्लोरिंग और इंटरलॉक टाइलों से पक्का बनाया जा रहा है। इस अवसर पर वार्ड नंबर 60 के क्षेत्र के लोगों ने विधायक डॉ अजय गुप्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोग पहले खराब सीवरेज व्यवस्था से समस्याओं का सामना कर रहे थे। अब लगभग 50 साल बाद क्षेत्र में नई सीवरेज व्यवस्था डाली गई है। जिसके लिए विधायक डॉ अजय गुप्ता का धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर वार्ड इंचार्ज विशाल गिल, रामकुमार, वासु गिल , गौरव मट्ठू, रितु महाजन और भारी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

दिवाली पर घर लौटने वालों के लिए चंडीगढ़ से एचआरटीसी चलाएगा अतिरिक्त स्पैशल बसें

डेली आवाज भारती

शिमला। दिवाली पर अपने घर और गृह जिलों में पहुंचने वाले हिमाचल प्रदेश के हजारों लोगों के लिए राहत भरी खबर है। त्यौहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम 6 और 7 नवम्बर को चंडीगढ़ से हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए 29 अतिरिक्त स्पैशल बसें चलाएगा। इससे दीवाली पर घर लौटने वाले लोगों को सफर में सुविधा मिलेगी और बसों में सीटों के लिए होने वाली मारामारी से राहत मिलने की उम्मीद है। इन स्पैशल बसों में सफर करने के लिए यात्रियों को एचआरटीसी की आधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक करना होगा। निगम ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे समय रहते अपनी सीट आरक्षित करवा लें, ताकि त्यौहार के दौरान घर पहुंचने में परेशानी न हो।सीटें भरने पर बढ़ेंगी बसें एचआरटीसी ने यात्रियों की मांग को देखते हुए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है। यदि ऑनलाइन बुकिंग के दौरान इन बसों की सभी सीटें भर जाती हैं, तो निगम संबंधित रूटों पर यात्रियों की संख्या और मांग के अनुसार अन्य स्पैशल बसें भी चलाएगा। इससे दीवाली के दौरान चंडीगढ़ से हिमाचल आने वाले यात्रियों को अतिरिक्त परिवहन सुविधा मिल सकेगी। दिवाली पर चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में नौकरी, कारोबार तथा पढ़ाई करने वाले हिमाचल के हजारों लोग अपने गृह जिलों में त्यौहार मनाने पहुंचते हैं। ऐसे में बसों में यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है।



पंजाब-चंडीगढ़ में बढ़ने लगी ठंड, पढ़ें आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम का हाल



चंडीगढ़: पहा ों में बर्फबारी के बाद पंजाब और चंडीगढ़ में ठंड ब गई है। इसके साथ ही 18 से 22 अक्टूबर तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी दिशा से सूखी हवाएं चलने के कारण वातावरण में नमी कम होने की संभावना है। इससे मौसम शुष्क बना रहेगा। पंजाब के आसपास उत्तरी हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ से जुड़ी मौसमी प्रणाली मौजूद है। इसके अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आसपास भी चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र बने हुए हैं। हालांकि पंजाब और चंडीगढ़ में 22 अक्टूबर तक कोई मौसम संबंधी चेतावनी जारी नहीं की गई है।

पुलिस ने सूचना पर सर्च आप्रेशन चलाकर बरामद की 10 किलो 750 ग्राम हेरोइन

- **पुलिस को ड्रोन के जरिए पाक समगलरों से हेरोइन मंगवाने की पुलिस को मिली थी सूचना**

अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज करके पुलिस कर रही जांच-पड़तालःएसएसपी

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने पंजाब सरकार के नशा विरोधी अभियान के तहत उच्चाधिकारियों और एसएसपी फिरोजपुर के दिशा निर्देशानुसार नशा तस्करों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन नशा तस्करों की तरफ से ड्रोन के जरिए पाक से मंगवाई गई करोड़ों रुपए की कीमत की भारी मात्रा में हेरोइन सर्च आप्रेशन चलाकर फिरोजपुर सैक्टर से बरामद की गई है। उक्त मामलें में पुलिस ने



जिला फिरोजपुर पुलिस की तरफ से बरामद की गई करोड़ों रुपए की कीमत की हैरोइन संबंधी जानकारी देते हुए एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह।

अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ थाना आरफके में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने नशा तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए जिला फिरोजपुर में विशेष मुहिम चलाई हुई है। उन्होंने बताया कि उक्त मुहिम तहत बीते दिन थाना आरफके के प्रभारी इंस्पैक्टर बलराज सिंह को अपने उच्चाधिकारियों की अध्यक्षता में गश्त व चैकिंग के दौरान जीवां भेडीयां बस अड्डे के नजदीक सूचान मिली थी कि 3-4 दिन पहले सडे के साथ लगते गांव जीवां भेडीयां के धान के खेतों में अज्ञात व्यक्तियों की तरफ से पाक की तरफ से ड्रोन के जरिए भारी मात्रा में हेरोइन की खेप मंगवाई गई है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने उक्त सूचना के अधार पर बताए गए क्षेत्र में सर्च आप्रेशन चलाकर वहां से 10 किलो 750 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में करोड़ों रुपए की कीमत बताई जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने उक्त मामलें में जांच कर रही है कि उक्त हेरोइन किसी की तरफ से भेजी गई है और आगे कौन से तस्करों ने इसकी डिलीवरी लेनी थी। जिसके खुलासा जल्द ही किया जाऐगा। एसएसपी ने बताया कि उक्त मामलें में पुलिस ने अज्ञात तस्करों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

2 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने 1 को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके 1 व्यक्ति को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय की एस.आई अमनदीप कौर ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी हेरोइन बेचने का आदि है और आज भी हेरोइन लेकर उसे बेचने के लिए लिंक रोड झावला पर बंद पड़े शैलर के पास खड़ा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके वहां से संदीप सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह वासी गांव खंबा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रही अमनदीप कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में संदीप पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है

पुलिस तबादलेः 12 DSPS का तबादला

छह आईपीएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं

डेली आवाज भारती

श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर), 18 अक्टूबर, 2026ः जम्मू-कश्मीर पुलिस मुख्यालय ने 12 डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (DSPs) के तबादले और तैनाती के आदेश दिए हैं। साथ ही, AGMUT कैडर के छह इंडियन पुलिस सर्विस (IPS) अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।यह फेरबदल पुलिस महानिदेशक (DGP) नलिन प्रभात के आदेश पर 14 अक्टूबर को किया गया। अपने 'फेज-II' बेसिक कोर्स की ट्रेनिंग पूरी करने के बाद, ये छह IPS अधिकारी जम्मू-कश्मीर कैडर में शामिल हुए हैं, जिन्हें अब अलग-अलग जगहों पर असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (ASP) और सब-डिविजनल पुलिस ऑफिसर (SDPO) के पदों पर तैनात किया गया है। आदेश के अनुसार, कुमारी सोम्या को ASP मुख्यालय, जम्मू के पद पर तैनात किया गया है, जबकि डेनियल राज सी को ASP मुख्यालय, बडगाम की जिम्मेदारी दी गई है। अदिति वर्मा को SDPO पश्चिम श्रीनगर के पद पर तैनात किया गया है।

चैतन्य गिरी को SDPO आर.एस. पुरा, अनंत धनराज सिंह को SDPO बारी ब्राह्मणा और आयुष मणि चौधरी को SDPO नौशेरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



'खेड़ां वतन पंजाब दियां सीजन-4' के तहत राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज

अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर डॉ. हरजिंदर सिंह बेदी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

डेली आवाज भारती

बरनाला, नवीन काली : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही 'खेड़ां वतन पंजाब दियां सीजन-4' के तहत राज्य स्तरीय खेल मुकाबले करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर के नेतृत्व में जिला बरनाला के सेक्रेड हार्ट इंटरनेशनल स्कूल, माना पिंडी में राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन अतिरिक्त डिप्टी



कमिश्नर (विकास) डॉ. हरजिंदर सिंह बेदी (आईएएस) ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. हरजिंदर सिंह बेदी ने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे जोश और मेहनत के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी बरनाला रूपेश कुमार बेगड़ा ने मुख्य अतिथि और विशेष मेहमानों का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान खेल विभाग के विभिन्न कोचों के अलावा अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर के पिता परमजीत सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. सनी सिंह अहलूवालिया ने मकान नंबर 926 पर ईडई की छापेमारी को लेकर चार ईडी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के चेयरमैन, आम आदमी पार्टी (क्क) पंजाब के महासचिव और मोहाली के वार्ड नंबर 6 से पार्षद डॉ. सनी सिंह अहलूवालिया ने चंडीगढ़ की विशेष ष्टङ्कद्ध अदालत में प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) के चार अधिकारियों के खिलाफ कानूनी शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत 23 और 24 सितंबर, 2026 को चंडीगढ़ के सेक्टर 39ः स्थित सरकारी आवास नंबर 926 पर की गई छापेमारी के दौरान कथित अनियमितताओं और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन न किए जाने से संबंधित है।शिकायत में श्वष्ठ के चार अधिकारियों के नाम शामिल



हैं। डॉ. अहलूवालिया ने आरोप लगाया है कि जिस तरह से छापेमारी की गई, वह कानूनी प्रक्रियाओं और अनिवार्य नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। शिकायत के अनुसार, सरकारी आवास को कथित तौर पर किसी अन्य व्यक्ति, अमरिंदर सिंह मल्ही से जुड़ा हुआ बताया गया था। इसमें यह भी आरोप लगाया गया है कि डॉ. अहलूवालिया की अनुपस्थिति में ताला तोड़कर परिसर में प्रवेश किया गया और तलाशी ली गई। शिकायतकर्ता ने छापेमारी के कानूनी आधार, संबंधित अधिकृत आदेशों और पूरी कार्यवाही के रिकॉर्ड पर भी सवाल उठाए हैं। डॉ. अहलूवालिया ने छापेमारी से जुड़ी जानकारी और दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की भी मांग की है। इनमें छापेमारी करने के आधार, अधिकृत आदेश, जब्त किए गए दस्तावेजों की पूरी सूची और कार्यवाही से जुड़ी ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग शामिल हैं। शिकायत में कुछ ऐसे दस्तावेजों को जब्त किए जाने पर भी आपत्ति जताई गई है, जिनका छापेमारी के उद्देश्य से क्या संबंध है, यह स्पष्ट नहीं है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) के तहत तलाशी और जब्ती से जुड़े कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए, इस शिकायत में मामले की जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने सक्षम अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे छापेमारी और जब्ती की कार्यवाही का पूरा रिकॉर्ड तलब करें और कानून के अनुसार कथित अनियमितताओं की जांच करें। शिकायत में संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच करने और, यदि कानून का कोई उल्लंघन पाया जाता है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। इसमें तथ्यों का पता लगाने के लिए तलाशी से जुड़े सभी रिकॉर्ड और सबूतों की जांच करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

page 4_Layout 1 18-10-2026 20:53 Page 1

भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाएं समाज को समानता, सचाई और भाईचारे का संदेश देती हैं: हरपाल सिंह चीमा

कैबिनेट मंत्री ने गांव दियालगढ़ जेजियां में भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस को समर्पित धार्मिक समारोह में की शिरकत

- कहा, ऐसे समारोह हमें अपनी समृद्ध विरासत से जोड़ने के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए भी प्रेरित करते हैं

डेली आवाज भारती



दिड़बा,मोहिंदर सिंह। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाएं मानवता को समानता, सच्चाई, नेकी और आपसी भाईचारे का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के जीवन और दर्शन से प्रेरणा लेकर समाज की भलाई के लिए काम करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है। कैबिनेट मंत्री गांव दियालगढ़ जेजियां में शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब और ग्राम पंचायत द्वारा समस्त संगत के सहयोग से भगवान वाल्मीकि जी के पावन प्रकाश दिवस को समर्पित आयोजित धार्मिक समारोह में शिरकत करने के दौरान संबोधित कर रहे थे। हरपाल सिंह चीमा ने संगत को इस पावन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारे गुरुओं, पीर-पैगंबरों और महापुरुषों ने मानवता को प्रेम, सेवा और सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे समारोह हमें अपनी समृद्ध विरासत से जोड़ने के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने संगत से इन शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में अपनाने और आपसी भाईचारे को और मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब को 10 मरले जमीन दान करने वाले गांव निवासी उदेपाल सिंह के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि गांव के साझा कार्यों और युवाओं की भलाई के लिए अपनी जमीन दान करना समाज सेवा की मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास दूसरों को भी जनकल्याण के कार्यों में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। कैबिनेट मंत्री और क्लब के पदाधिकारियों ने उदेपाल सिंह को सिरोपा और सम्मान चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। क्लब और ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई मांग के संबंध में हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि दान की गई जमीन पर साझा शेड के निर्माण के लिए ग्रांट मंजूर कर दी गई है और इस संबंध में आवश्यक दस्तावेजों पर उनके द्वारा हस्ताक्षर भी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगले 15 से 20 दिनों के भीतर ग्रांट की राशि प्राप्त होने के बाद पंचायत और क्लब आपसी तालमेल से निर्माण कार्य शुरू करवा सकेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि इस शेड के निर्माण से गांववासियों को धार्मिक, सामाजिक और अन्य साझा समारोह आयोजित करने के लिए उचित स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाना चाहिए कि निर्माण कार्य समय पर पूरा हो, ताकि भगवान वाल्मीकि जी के अगले प्रकाश दिवस को समर्पित समारोह इसी स्थान पर आयोजित किया जा सके। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और लोगों की साझा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कथित भ्रष्टाचार मामला: पंजाब के मुख्यमंत्री के ओएसडी से सीबीआई ने की छह घंटे पूछताछ

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब की सियासत में उस वक्त हड़कंप मच गया जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने एक कथित भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री भगवंत मान के विशेष कार्य अधिकारी (ह्स्ह्ठ) राजबीर सिंह घुम्मन से लंबी पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सीबीआई की टीम ने सेक्टर-30 स्थित कार्यालय में घुम्मन को तलब किया और उनसे करीब छह घंटे तक सघन पूछताछ की। मिली जानकारी के मुताबिक, यह मामला पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (PSEB) में सुरक्षा गार्डों की तैनाती और टेंडर आवंटन में हुई कथित वित्तीय अनियमितताओं व रिश्वतखोरी से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि इस टेंडर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर हेरफेर किया गया था। सीबीआई इस मामले में पहले ही कुछ अन्य अधिकारियों और बिचौलियों से पूछताछ कर चुकी है, जिसके बाद ओएसडी का नाम जांच के दायरे में आया। पूछताछ के दौरान सीबीआई के अधिकारियों ने राजबीर सिंह घुम्मन के सामने टेंडर प्रक्रिया से जुड़े कई अहम दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड्स रखे। सूत्रों का कहना है कि जांच एजेंसी इस बात का पता लगा रही है कि क्या इस टेंडर को पास कराने के लिए किसी उच्च स्तर से प्रभाव डाला गया था या कोई वित्तीय लेन-देन हुआ था।

राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज

मुख्यमंत्री कार्यालय (ह्स्ह्ठ) के इतने करीबी अधिकारी से केंद्रीय एजेंसी द्वारा पूछताछ किए जाने के बाद पंजाब की राजनीति गर्मा गई है। विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (क्क) सरकार को घेरना शुरू कर दिया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। हालांकि, सत्ता पक्ष या मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से अभी तक इस पूछताछ को लेकर कोई आधिकारिक बयान या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। क्या आप इस खबर में विपक्ष के किसी नेता का बयान जोड़ना चाहते हैं, या इसके लिए कोई अन्य सुर्खियां (Headlines) देखना चाहेंगे?

15 हजार मास्टर कैडर भर्ती में 55 प्रतिशत की शर्त और आयु सीमा में छूट न मिलने पर भड़के बेरोजगार शिक्षक



डेली आवाज भारती

- 15 हजार मास्टर कैडर भर्ती में 55त्न की शर्त और आयु सीमा में छूट न मिलने पर भड़के बेरोजगार शिक्षक
- संगरूर में मुख्यमंत्री भगवंत मान की कोठी के बाहर फूंका रावण का पुतला, पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की; सहमति के बाद प्रदर्शनकारियों ने किया दहन

संगरूर। पंजाब में 15 हजार मास्टर कैडर पदों की भर्ती को लेकर बेरोजगार शिक्षकों का विरोध तेज हो गया है। अपनी मांगों को लेकर बेरोजगार सांझा मोर्चा पंजाब ने 18 अक्टूबर को संगरूर में मुख्यमंत्री भगवंत मान की कोठी के बाहर रावण का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने पंजाब सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए भर्ती प्रक्रिया में 55 प्रतिशत अंकों की शर्त हटाने और आयु सीमा में छूट देने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, पंजाब सरकार की ओर से 15 हजार मास्टर कैडर पदों पर भर्ती किए जाने की तैयारी की जा रही है, लेकिन भर्ती में रखी गई कुछ शर्तों के कारण बड़ी संख्या में बीएड और टीईटी पास बेरोजगार शिक्षक खुद को भर्ती से बाहर होता देख रहे हैं। इसी के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने शहर में रावण के पुतले के साथ मार्च निकाला और मुख्यमंत्री की कोठी के बाहर उसका दहन किया। बेरोजगार शिक्षकों का कहना है कि भर्ती के लिए 55 प्रतिशत अंकों की शर्त रखे जाने से हजारों योग्य अभ्यर्थियों के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने सरकार से इस शर्त पर पुनर्विचार करने की मांग की। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने आयु सीमा में छूट देने की भी मांग उठाई। उनका तर्क है कि पिछली भर्तियों में देरी होने के कारण कई अभ्यर्थी निर्धारित आयु सीमा से बाहर हो गए हैं। ऐसे में सरकार को भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा में उचित छूट देनी चाहिए, ताकि लंबे समय से तैयारी कर रहे बेरोजगार शिक्षकों को मौका मिल सके। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर चुनावी वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति लाने के दावे करती रही है, लेकिन बेरोजगार शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से मांगें उठाने के बावजूद मुख्यमंत्री के साथ उनकी बैठक नहीं करवाई गई।

पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की

मुख्यमंत्री की कोठी के बाहर प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच कुछ देर धक्का-मुक्की भी हुई। हालांकि, बाद में प्रशासन के साथ सहमति बनने के बाद प्रदर्शनकारियों ने रावण के पुतले का दहन कर दिया। बेरोजगार सांझा मोर्चा पंजाब ने स्पष्ट किया कि 15 हजार मास्टर कैडर भर्ती में 55 प्रतिशत अंकों की शर्त हटाने और आयु सीमा में छूट देने की मांगों को लेकर उनका संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि भर्ती प्रक्रिया में बेरोजगार शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाए।

अमृतसर रूरल पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गैंगस्टरों के मुख्य हैंडलर गुरविंदर को किया गिरफ्तार

अमृतसर रूरल पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गैंगस्टरों के मुख्य हैंडलर गुरविंदर को किया गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



अमृतसर। पंजाब में गैंगस्टरों और नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर रूरल पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने विदेश में बैठे गैंगस्टरों के कथित मुख्य हैंडलर गुरविंदर को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य कार्रवाई में लोपोके पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (ह्स्ह्ल) की संयुक्त टीम ने 5 किलो अफीम और 2 किलो हेरोइन बरामद कर दो कथित नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों की जानकारी एसएसपी रूरल कंवलप्रीत सिंह चहल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। एसएसपी कंवलप्रीत सिंह चहल के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी गुरविंदर पर हाल में हुई कुछ आपराधिक घटनाओं में शामिल आरोपियों को निर्देश देने का आरोप है। इनमें एएसआई पर हमला करने और पंडोरी वड़ैच में पेट्रोल बम फेंकने की घटना भी शामिल बताई गई है। पुलिस जांच के मुताबिक, आरोपी कथित तौर पर यूरोप में बैठे गैंगस्टर बादलप्रीत के संपर्क में था और उसके निर्देशों पर स्थानीय स्तर पर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिलवाता था। पुलिस के मुताबिक, 23 वर्षीय गुरविंदर कम उम्र के युवाओं और नाबालिगों को पैसों का लालच देकर अपराध की दुनिया में धकेलने का काम करता था। आरोप है कि वह इंस्टाग्राम और निजी संपर्कों के माध्यम से युवाओं को 15 हजार से 50 हजार रुपये तक देने का प्रलोभन देता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से .30 बोर की एक पिस्तौल भी बरामद की है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका का पता लगा रही है। एसएसपी ने कहा कि इस गिरफ्तारी से संभावित आपराधिक वारदातों और क्षेत्र का माहौल खराब करने की साजिशों को रोकने में मदद मिल सकती है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके संपर्कों और कथित नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। दूसरी कार्रवाई में लोपोके थाना पुलिस और बीएसएफ ने संयुक्त अभियान चलाकर कथित नशा तस्करी के मामले का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 5 किलो अफीम तथा 2 किलो हेरोइन बरामद की गई। इस मामले में लोपोके थाने में केस नंबर 327 दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, नशीले पदार्थों की खेप पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के माध्यम से भारतीय क्षेत्र में भेजी गई थी। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि नशे की खेप किसने भेजी, इसे किसे पहुंचाया जाना था और इसके पीछे कौन-कौन लोग सक्रिय हैं।

वित्तीय लेन-देन और सोशल मीडिया खातों की जांच

एसएसपी कंवलप्रीत सिंह चहल ने बताया कि इन कार्रवाइयों में एसपी (डी), एसपी (ऑपरेशंस), डीएसपी राजासांसी और सीआईए की तकनीकी टीमों ने सहयोग दिया। पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन, सोशल मीडिया खातों, संपर्कों और वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है, ताकि गैंगस्टर नेटवर्क और नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके। पुलिस का मानना है कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान और अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं। फिलहाल दोनों मामलों में आगे की जांच जारी है।

व्यक्ति के घर के बाहर मोटरसाईकिल सवार लोगों ने की फायरिंग

पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 1 व्यक्ति सहित 2 पर दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मल्लांवाला की पुलिस ने बीते दिन गांव चूचक विंड में एक व्यक्ति के घर के बाहर फायरिंग करने वाले दो मोटरसाईकिल सवार लोगों के खिलाफ शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मल्लांवाला के एएसआई दर्शन लाल ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता जसविन्द्र सिंह पुत्र जंगीर सिंह वासी गांव चूचक विंड ने बताया कि वह बीते दिन रात करीब 9.15 बजे घर में परिवार के साथ मौजूद था तो बाहर गेट के पास दो मोटरसाईकिल सवार आए और उन्होंने घर के बाहर 2 हवाई फायर किए और ललकारा मारा कि प्रभ बाहर निकल तुजे बदमाशी का मझा चखाते है। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घर के बाहर लाईट जल रही थी तो उसने दिलप्रत सिंह उर्फ बोना पुत्र बलवंत सिंह वासी चूचक विंड को पहचान लिया और दूसरा युवक अज्ञात था। मामले की जांच कर रहे दर्शन लाल ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दिलप्रीत व अज्ञात पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

किसना ने अमृतसर में खोला अपना नया एक्सक्लूसिव शोरूम, पंजाब में छठे शोरूम की शुरुआत

अभिनेत्री हिमांशी खुराना और हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया ने किया उद्घाटन

डेली आवाज भारती





अमृतसर। देश के प्रमुख हीरा एवं स्वर्ण आभूषण ब्रांड किसना ने अमृतसर में अपने नए एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। जेके टावर, 49, मॉल रोड, आईएनए कॉलोनी स्थित इस शोरूम का उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेत्री हिमांशी खुराना और हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया ने किया। पंजाब में किसना का यह छठा एक्सक्लूसिव शोरूम है। इसके साथ ही ब्रांड ने राज्य में अपने विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर पेश किए गए हैं। इनमें हीरे और सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 100 प्रतिशत तक की छूट तथा केवल 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान पर दोगुने गोल्ड रेट प्रोटेक्शन की सुविधा शामिल है। ग्राहक पुराने सोने के बदले भी आकर्षक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। हीरे के आभूषणों की खरीद पर 105 प्रतिशत वैल्यू का लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा, हीरे के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज सहित 90 प्रतिशत बायबैक और 95 प्रतिशत एक्सचेंज की सुविधा उपलब्ध है। ग्राहक ग्रैंड लकी ड्रॉ में भाग लेकर कार और स्कूटर जीतने का अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं। शुभारंभ के अवसर पर पहले 100 ग्राहकों को मुफ्त चांदी का सिक्का दिया जाएगा। (नियम एवं शर्तें लागू) हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया ने कहा, ÷अमृतसर अपनी समृद्ध संस्कृति और आभूषणों से जुड़ी परंपराओं के लिए जाना जाता है। यह किसना के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। पंजाब में अपने छठे एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरुआत देश के महत्वपूर्ण बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। 'हर घर किसना' के विजन के साथ हमारा उद्देश्य हर परिवार के खास अवसरों और खुशियों का हिस्सा बनना तथा प्रत्येक भारतीय के लिए हीरे के आभूषणों को सुलभ बनाना है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ पराग शाह ने कहा, ÷अमृतसर में आभूषणों का परंपराओं, उत्सवों और खास अवसरों से गहरा संबंध है। किसना के माध्यम से हम यहां के ग्राहकों को हीरे और सोने के आभूषणों की विविध एवं आकर्षक रेंज उपलब्ध कराना चाहते हैं। हमारे संग्रह में पारंपरिक अवसरों से लेकर आधुनिक जीवनशैली तक, हर पसंद के अनुरूप डिजाइन शामिल हैं। हमारा नया एक्सक्लूसिव शोरूम बेहतरीन डिजाइन, गुणवत्ता और आकर्षक उत्सवी ऑफर का संयोजन प्रस्तुत करता है, जिससे ग्राहकों के लिए खरीदारी का अनुभव और भी खास बनेगा। किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर रमन शर्मा और उज्ज्वल शर्मा ने कहा, ÷अमृतसर में किसना को लेकर आना हमारे लिए गर्व का क्षण है।

किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के बारे में

वर्ष 2005 में स्थापित किसना, हरि कृष्णा ग्रुप का प्रमुख हीरा एवं स्वर्ण आभूषण ब्रांड है। 'हर घर किसना' के विजन के साथ ब्रांड ने भारत के 28 राज्यों में 1,500 से अधिक शॉप-इन-शॉप आउटलेट्स के माध्यम से अपनी व्यापक पहुंच बनाई है। इसके अलावा, देशभर में किसना के 170 से अधिक एक्सक्लूसिव शोरूम हैं। हीरों की खदान से बाजार तक नैतिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्ध किसना अपने ग्राहकों को आकर्षक और विशिष्ट डिजाइनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है। इसके उत्पादों में अंगूठियां, कानों के आभूषण, पेंडेंट, मंगलसूत्र, हार, चूड़ियां, कंगन, नोज पिन और पुरुषों के लिए आभूषण शामिल हैं। ब्रांड 9, 14, 18 और 24 कैरेट सोने में विभिन्न प्रकार के आभूषण पेश करता है। कंपनी हीरे के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज सहित 90 प्रतिशत बायबैक और 95 प्रतिशत एक्सचेंज की सुविधा भी प्रदान करती है। ग्राहकों की सुविधा के लिए किसना का ऑनलाइन मंच हीरे एवं सोने के आभूषणों के नवीनतम डिजाइनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराता है। ग्राहक आधिकारिक वेबसाइट 222.द्यद्बह्यड्डड्ड.ष्ठ्व पर जाकर अपनी पसंद के आभूषण देख और खरीद सकते हैं।

अमृतसर: बंद घर में मां-बेटे के शव मिलने से सनसनी

सीसीटीवी में बैग लेकर बच्चे संग जाती दिखी महिला

डेली आवाज भारती



अमृतसर/सलोनी नेहा गिल : अमृतसर की राम नगर कॉलोनी की गली नंबर-4 में एक बंद घर से मां और बेटे के शव बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घर से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद शाम करीब 4ः30 बजे पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में मामला संदिग्ध परिस्थितियों में हुई दो मौतों का सामने आया है।

पुलिस हत्या की आशंका को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मृतकों की पहचान करीब 35 वर्षीय गौरव और उनकी 70 वर्षीय मां रितु के रूप में हुई है। यह मामला सदर थाना क्षेत्र का है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटनास्थल की जांच और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में किसी धारदार या कुंद हथियार से हमला किए जाने की आशंका जताई गई है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। मामले में सामने आई ष्टष्ठड्डङ्क फुटेज के मुताबिक, एक महिला घर को ताला लगाकर अपने बच्चे के साथ कपड़ों का बैग लेकर जाती दिखाई दे रही है। पुलिस इस फुटेज को जांच का हिस्सा बनाकर महिला की गतिविधियों और घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है। शुरुआती जांच में गौरव की पत्नी की भूमिका भी संदेह के घेरे में बताई जा रही है, लेकिन उसकी संलिप्तता की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पुलिस ने आसपास के क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एडीसीपी वेनिला के अनुसार, मौत के सही कारण और समय का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

अखबार के लिए संपादकीय नोट- महिला को हत्यारोपित या दोषी घोषित करने से बचें। ष्टष्ठड्डङ्क में दिखाई देना अपने आप में अपराध में संलिप्तता का प्रमाण नहीं है। प्रकाशन से पहले एडीसीपी का पूरा नाम और पुलिस का आधिकारिक बयान सत्यापित कर लें।

CMYK

बधनी कलां में चिट्टा बेचने का वीडियो वायरल

पीड़ित महिला के गंभीर आरोप, पुलिस अधिकारियों के फोन न उठाने और सिर हिलाने पर लोगों में भारी गुस्सा

डेली आवाज भारती

अक्टूबर/राकेश कुमार सिंगला, (मोगा), बधनी कलां कस्बे के राउके रोड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें ड्रग्स (चिट्टा) की खुलेआम बिक्री को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। प्रेस से बात करते हुए महिला बलजिंदर कौर ने वार्ड नंबर 11 के कुछ लोगों (बिकर सिंह, जस्सा सिंह, सभा सिंह, जगराज सिंह, प्रिंस सिंह और रोसत सिंह वगैरह) पर इलाके में बड़े पैमाने पर चिट्टा बेचने का गंभीर आरोप लगाया है। बलजिंदर कौर ने कहा कि ऊपर बताए गए लोगों ने उसके पति संसार सिंह को चिट्टा का आदी बना दिया है। उसने लोगों के घरों में काम किया है और मेहनत करके करीब 3 लाख रुपये बचाकर अपने पति का इलाज करवाया है, जो अब बीमारी की वजह से बिस्तर पर है। महिला का आरोप है कि जब उसने आरोपियों से



अपने पति को रुपये न देने के लिए कहा, तो उसने करीब 10 दिन पहले उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया था, जिस पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और थप्पड़ मारे। उसने चेतावनी दी कि अगर उसके पति को कोई नुकसान होता है, तो ये लोग जिम्मेदार होंगे क्योंकि वे उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया था कि बधनी कलां थाने में लिखित एप्लीकेशन देने के बावजूद पहले कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसने आरोप लगाया कि वीडियो वायरल होने के बाद थाना प्रमुख प्रीतम सिंह उसके घर आए और उसकी सास पर बयान वापस लेने का दबाव बनाया। जब 'एवन पंजाबी टीवी' के प्रतिनिधि ने इस मामले की पूरी जांच के लिए पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया, तो अधिकारियों का रवैया बहुत निराशाजनक था। जब उनसे वीडियो और थाने में दी गई एप्लीकेशन के बारे में बात की गई, तो उन्होंने साफ कहा कि मुझे इस बारे में कुछ नहीं पता, आप साहब से बात करें। थाने के मुंशी के छुट्टी पर होने की वजह से असिस्टेंट मुंशी (होल्डर) ने भी कोई जानकारी देने से मना कर दिया। एसएचओ प्रीतम सिंह को 10-12 बार फोन करने के बावजूद उन्होंने फोन नहीं उठाया। यहां तक कि स्सक और कंट्रोल रूम से भी संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिला।

डीएसपी का पक्ष और पुलिस की कार्रवाई

दूसरी ओर, जब इस मामले के बारे में ष्टस्कबधनी कलां (अनवर अली) से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की है और रेड भी की गई है और कुछ लोगों को पकड़कर गिरफ्तार भी किया गया है। जनता के गंभीर सवाल इन सब घटनाओं के बाद, इलाके के लोगों में एक बड़ा सवाल उठ रहा है कि अगर ड्रग डीलरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, तो मुख्य डीलरों को छोड़कर सिर्फ़ ड्रग इस्तेमाल करने वालों को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है? पुलिस अधिकारियों के फ़ोन न उठाने और सवालों से बचने की वजह से लोगों में भारी गुस्सा है।

GMADA जमीन आवंटन मामले में ईडी का शिकंजा, कारोबारी जगमोहन गर्ग गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

मोहाली/चंडीगढ़। मोहाली। GMADA की जमीन आवंटन से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने कारोबारी जगमोहन गर्ग को गिरफ्तार किया है। रिपोर्टों के मुताबिक, गिरफ्तारी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से की गई। इसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से जांच एजेंसी को सात दिन की हिरासत मिली। मामले में जमीन आवंटन, बकाया राशि और कथित वित्तीय रियायतों से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, जांच के केंद्र में मोहाली के सेक्टर-62 स्थित करीब 1.13 एकड़ की फूड कोर्ट साइट है। रिपोर्टों में बताया गया है कि सितंबर 2015 में यह साइट रेमिगेट बिल्डएस्टेट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को 32.50 करोड़ रुपये में आवंटित की गई थी। जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि साइट से संबंधित बकाया भुगतान, गैर-निर्माण शुल्क और ब्याज में कथित राहत किस प्रक्रिया के तहत दी गई। मामले में करीब 57 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय रियायतों का उल्लेख सामने आया है। जांच एजेंसी संबंधित दस्तावेजों, वित्तीय लेन-देन और सरकारी स्तर पर लिए गए फैसलों की पड़ताल कर रही है। पंजाब सरकार के आवास एवं शहरी विकास विभाग की ओर से भी संबंधित रियायतों की समीक्षा और बकाया राशि की दोबारा गणना किए जाने की खबरें सामने आई हैं।



बैंक धोखाधड़ी मामले से भी जुड़ रहे तार

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जांच का संबंध तिरुपति इन्फ्राप्रोजेक्ट्स से जुड़े कथित बैंक धोखाधड़ी मामले से भी बताया जा रहा है। एजेंसी इस मामले में विभिन्न वित्तीय लेन-देन और संबंधित कंपनियों की भूमिका की जांच कर रही है। फिलहाल जांच जारी है। मामले में सामने आने वाले तथ्यों और अदालत की आगे की कार्यवाही से स्थिति स्पष्ट होगी। गिरफ्तारी को दोष सिद्ध होने के रूप में नहीं देखा जा सकता।

कथित भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई की जांच तेज, मुख्यमंत्री के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन से पूछताछ

- सरकारी नियुक्तियों और टेंडरों में कथित अनियमितताओं की जांच, मामले में पांच अन्य लोगों के नाम भी शामिल

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। चंडीगढ़। पंजाब में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (ष्ठ्वह्ल) की जांच तेज हो गई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के विशेष कार्य अधिकारी (ह्यस्ठ) राजबीर सिंह घुम्मन जांच के सिलसिले में ष्ठ्वह्ल के सामने पेश हुए। जांच एजेंसी सरकारी नियुक्तियों, टेंडरों और प्रशासनिक फैसलों में कथित अनियमितताओं से जुड़े पहलुओं की पड़ताल कर रही है। मामले में घुम्मन के अलावा पांच अन्य लोगों के नाम भी प्राथमिकी (स्नढ्ढक्र) में शामिल बताए जा रहे हैं। जांच का संबंध सरकारी कामकाज में कथित गड़बड़ियों और प्रशासनिक निर्णयों से जुड़े आरोपों से है। एजेंसी इन आरोपों की जांच के लिए संबंधित दस्तावेजों, सरकारी रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है। जांच के सिलसिले में आठ स्थानों पर तलाशी लिए जाने की जानकारी भी सामने आई है। जांच एजेंसी का जोर कथित अनियमितताओं से जुड़े रिकॉर्ड जुटाने और संबंधित लोगों की भूमिका की पड़ताल करने पर है। सरकारी नियुक्तियों, टेंडरों और प्रशासनिक मंजूरियों से संबंधित दस्तावेज जांच में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

मामले में न्यायिक कार्यवाही भी जारी

इस मामले को लेकर अदालतों में भी कार्यवाही हुई है। जांच के दौरान संबंधित पक्षों को मिले न्यायिक संरक्षण और जांच में सहयोग से जुड़े निर्देशों के बीच CBI मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। आगे की कार्रवाई जांच में सामने आने वाले तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर होगी। फिलहाल मामले में जांच जारी है। किसी व्यक्ति का नाम FIR में शामिल होने या जांच के दायरे में आने मात्र से उसके खिलाफ आरोप साबित नहीं होते। मामले की वास्तविक स्थिति जांच और न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा, संगरूर में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

117 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति पर मंथन, नशे, कानून-व्यवस्था, किसानों और कर्मचारियों के मुद्दों पर पार्टी का फोकस

डेली आवाज भारती

संगरूर। पंजाब में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में 16 अक्टूबर को संगरूर में पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन को मजबूत करने, राज्य के राजनीतिक हालात की समीक्षा करने और आगामी चुनाव के लिए रणनीति तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया। पार्टी की ओर से सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने की तैयारी पर भी जोर दिया जा रहा है बैठक के बाद भाजपा नेताओं ने पंजाब में नशे की समस्या, गैंगस्टर गतिविधियों, भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार पर सवाल उठाए। प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने आरोप लगाया कि राज्य में मौजूदा हालात के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों, सरकारी कर्मचारियों और युवाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने इन मुद्दों को आगामी चुनाव में प्रमुखता से उठाने की बात कही। बैठक में किसानों की समस्याओं, सरकारी कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते (ष्ठ), महिलाओं की सुरक्षा और पंजाब की आर्थिक स्थिति पर भी चर्चा की गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि इन विषयों को लेकर पार्टी जनता के बीच जाएगी और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाएगी। बैठक में राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रस्ताव पारित करने और आगामी चुनाव के लिए पार्टी की प्राथमिकताएं तय करने पर भी विचार किया गया। भाजपा की चुनावी रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा अनुसूचित जाति समुदाय के बीच संगठनात्मक पहुंच बढ़ाना भी है। बैठक में इस वर्ग से जुड़े मुद्दों, छात्रवृत्ति, आरक्षित पदों और पंचायत भूमि से संबंधित मामलों पर चर्चा हुई। पार्टी ने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया।



संगठन विस्तार और चुनावी रोडमैप पर जोर

बैठक में पार्टी संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान बढ़ाने और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर विचार किया गया। भाजपा नेतृत्व ने राज्य की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों का आकलन करते हुए भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज होने लगी हैं। भाजपा ने अपनी बैठक के माध्यम से संगठन विस्तार और जनहित से जुड़े मुद्दों को चुनावी एजेंडे में शामिल करने के संकेत दिए हैं। हालांकि, राज्य सरकार के खिलाफ लगाए गए आरोप भाजपा के राजनीतिक दावे हैं; उनकी स्वतंत्र पुष्टि और संबंधित पक्ष का जवाब भी महत्वपूर्ण है।

धान की पराली से सफलता की नई इबारत लिख रहा धनोला का युवा

गत्ते की फैक्ट्री में पराली का इस्तेमाल कर अच्छी कमाई कर रहे सुरिंदर सिंह

डेली आवाज भारती

बरनाला/गोपाल : जिला बरनाला के धनोला की ढिल्लों पत्ती के निवासी किसान सुरिंदर सिंह (32), पुत्र मेवा सिंह, धान की पराली को आग लगाने के बजाय उसका उचित इस्तेमाल करके जहां पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं, वहीं अपनी गत्ता फैक्ट्री में पराली का उपयोग करके अच्छा मुनाफा भी कमा रहे हैं। सुरिंदर सिंह ने वर्ष 2014 में सिविल इंजीनियरिंग का डिप्लोमा किया था। वर्ष 2015 में उन्होंने विदेश जाने के लिए आईलेट्स (ढ्ढश्वस्क्षस्) की तैयारी शुरू की, लेकिन उनका मन अपना कारोबार करने का था। इसी सोच के चलते उन्होंने आईलेट्स की तैयारी छोड़कर खुद का व्यवसाय शुरू करने के प्रयास किए। पने सपने को साकार करते हुए उन्होंने वर्ष 2017 में लगभग 65 लाख रुपये की लागत से धनोला-भैणी जस्सा रोड पर अपनी



पांच एकड़ जमीन में गत्ता उत्पादन प्लांट स्थापित किया। शुरुआत में वह हर महीने लगभग 2,000 बंडल गत्ता तैयार करते थे। धीरे-धीरे कारोबार का विस्तार करते हुए आज उनके प्लांट की उत्पादन क्षमता बढ़कर हर महीने लगभग 6,000 बंडल गत्ता तैयार करने तक पहुंच गई है। यह मात्रा करीब 1,500 से 2,000 क्विंटल के बराबर है। सुरिंदर सिंह ने बताया कि उनके गत्ता प्लांट में बड़े स्तर पर धान की पराली का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा फटे-पुराने जूट के बैग भी कच्चे माल के रूप में उपयोग किए जाते हैं। वह हर साल लगभग 1,200 से 1,500 एकड़ क्षेत्र की पराली अपने यूनिट में इस्तेमाल करते हैं, जबकि कुल मिलाकर लगभग 4,000 एकड़ क्षेत्र की पराली एकत्रित करते हैं। इसमें से अपने प्लांट की जरूरत पूरी करने के अलावा पैलेट यूनिटों और अन्य गत्ता फैक्ट्रियों को भी पराली की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं भी लगभग 12 एकड़ जमीन पर खेती करते हैं और वर्ष 2015 से लेकर अब तक कभी भी पराली को आग नहीं लगाई।

पराली प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंधः डिप्टी कमिश्नर

डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह आईएएस के निर्देशों पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) विवेक मोदी के नेतृत्व में मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. सुखपाल सिंह गिल की कृषि विभाग की टीम ने धनोला-भैणी जस्सा रोड स्थित गत्ता फैक्ट्री का दौरा किया। टीम ने सुरिंदर सिंह द्वारा पराली का उचित इस्तेमाल करके पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिला बरनाला में पराली प्रबंधन के लिए नौ पैलेट यूनिट कार्यरत हैं। इनके अलावा पराली प्रबंधन के लिए अन्य मशीनरी और बड़ी संख्या में बेलर भी उपलब्ध हैं। किसानों की सुविधा के लिए बेलरों की गांववार मैपिंग की गई है, ताकि किसानों को पराली के उचित प्रबंधन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन की टीमें खेतों में तैनात की गई हैं और लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पराली को आग न लगाएं और सब्सिडी वाली मशीनरी का इस्तेमाल करके इसका उचित प्रबंधन करें।

दवाइयों की आड़ में नशा बेचने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगाः अमन अरोड़ा

कैबिनेट मंत्री ने सुनाम में केमिस्ट दुकानदारों, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की अहम बैठक

डेली आवाज भारती

सुनाम/मोहिंदर सिंह : पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि दवाइयों की आड़ में नशा बेचकर लोगों के स्वास्थ्य और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी केमिस्ट दुकानदार की नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री में संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री आज एस.यू.एस. कॉलेज, सुनाम में केमिस्ट एसोसिएशन के कार्यक्रम के दौरान विधानसभा क्षेत्र सुनाम के केमिस्ट दुकानदारों, पुलिस अधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और ड्रग इंस्पेक्टर के साथ नशे की रोकथाम संबंधी अहम बैठक



को संबोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान दवाइयों के दुरुपयोग और नशे के रूप में उनकी अवैध बिक्री को रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अमन अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार नशे के खात्मे के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान की सफलता के लिए सरकार और प्रशासन के साथ-साथ समाज के हर वर्ग का सक्रिय सहयोग जरूरी है। इस कार्य में केमिस्ट समुदाय अहम भूमिका निभा सकता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दवाइयों का कारोबार लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। इसलिए केमिस्ट दुकानदारों की जिम्मेदारी है कि वे दवाइयों की बिक्री से संबंधित लागू नियमों का पूरी तरह पालन करें और यह सुनिश्चित करें कि इलाज के लिए इस्तेमाल होने वाली दवाइयों का नशे के रूप में दुरुपयोग न हो। उन्होंने कहा कि जिन दवाइयों की बिक्री के लिए डॉक्टर की पर्ची अनिवार्य है, उन्हें बिना पर्ची के नहीं बेचा जाना चाहिए।

जोधपुर की 28 वर्षीय अमनदीप कौर ने डेयरी क्षेत्र में कायम की मिसाल

गायों से शुरुआत कर सफलतापूर्वक चला रही हैं 50 पशुओं का डेयरी फार्म

डेली आवाज भारती

बरनाला/गोपाल। जिला बरनाला के गांव जोधपुर की 28 वर्षीय अमनदीप कौर ने डेयरी क्षेत्र में सफलता की नई इबारत लिखी है। उन्होंने महज 4 गायों से अपने कारोबार की शुरुआत की थी और आज वह 50 पशुओं का डेयरी फार्म सफलतापूर्वक चला रही हैं। अपने इस व्यवसाय के माध्यम से वह अच्छी आमदनी अर्जित कर रही हैं और परिवार का सहारा बनी हैं। अमनदीप कौर ने बताया कि वह एक साधारण परिवार से संबंध रखती हैं और तीन बहनों में सबसे छोटी हैं। उनके परिवार के पास जीवनयापन के साधन सीमित थे। खेती के साथ-साथ परिवार ने अतिरिक्त आमदनी के लिए पशु भी रखे हुए थे। भाई के निधन के बाद उन्होंने अपने माता-पिता के लिए कुछ करने का फैसला



किया और परिवार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा ली। अमनदीप ने वर्ष 2016 में केवल 4 गायों से अपने डेयरी व्यवसाय की शुरुआत की थी। आज उनके पास 50 पशु हैं, जिनमें गायों के साथ छोटे बछड़े भी शामिल हैं। वह अपने डेयरी फार्म से प्रतिदिन लगभग 5 क्विंटल दूध की आपूर्ति नेस्ले को करती हैं। अमनदीप बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक हैं।

डेयरी व्यवसाय को बेहतर ढंग से चलाने के लिए उन्होंने वर्ष 2023 में बरनाला के डेयरी विभाग के माध्यम से संगरूर से प्रशिक्षण प्राप्त किया। अमनदीप ने बताया, ÷प्रशिक्षण से मुझे समझ आया कि अच्छी खुराक और देखभाल के बावजूद दूध का उत्पादन कम क्यों हो रहा था। मैंने सीखा कि पशुओं को लगातार संतुलित आहार देना और प्रजनन के सही तरीके अपनाना बेहद जरूरी है।÷ उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति (एससी) के लाभार्थियों के लिए चलाई जा रही योजना के तहत उन्हें प्रशिक्षण के अलावा 7 लाख रुपये का ऋण भी मिला, जिसमें लगभग सवा दो लाख रुपये की सब्सिडी शामिल थी। इसके बाद उन्हें पशुओं के शेड के निर्माण पर सब्सिडी मिली और मिल्किंग मशीन खरीदने पर भी 50 प्रतिशत सब्सिडी प्राप्त हुई। इन सुविधाओं और अपनी मेहनत के दम पर आज वह सफल डेयरी फार्म चला रही हैं। उनके अनुसार, सभी खर्च निकालने के बाद हर महीने लगभग 40 प्रतिशत बचत हो जाती है।

डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह ने की सराहना

डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह आईएएस ने गांव जोधपुर की अमनदीप कौर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अमनदीप अपनी मेहनत और विभागीय योजनाओं का लाभ उठाकर जहां अपने परिवार का सहारा बनी हैं, वहीं डेयरी क्षेत्र में तरक्की करके अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। उन्होंने जिले के युवाओं से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और स्वरोजगार शुरू करके आत्मनिर्भर बनें।

किरेन रिजिजू ने 'भारत-विरोधी' गिरोहों और सोरोस समर्थित 'रिजीम चेंज' के प्रयास पर निशाना साधा

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को देश में रिजीम चेंज के असफल प्रयास के लिए युवाओं को भड़काने वाले भारत-विरोधी गिरोहों और कुछ राजनेताओं की कड़ी आलोचना की। रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत में रिजीम चेंज बिल्कुल संभव है, लेकिन केवल चुनावों के माध्यम से, सोरोस के माध्यम से नहीं। उन्होंने अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस का नाम लेकर मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर देश में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शनों के पीछे विदेशी साजिश की ओर इशारा किया। सोरोस और उनके नेटवर्क पर दुनिया भर में, विशेष रूप से रूढ़िवादी नेताओं द्वारा शासित देशों में विरोध प्रदर्शनों को वित्त पोषित करने के आरोप लगे हैं। रिजिजू ने फ्रांस में हिंसा की नई लहर का हवाला देते हुए और बांग्लादेश में हुए हिंसक सत्ता परिवर्तन का उदाहरण देते हुए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकने की कोशिश कर रहे बलों के असफल प्रयास की आलोचना की।



प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्त्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 18-10-2026 17:34 Page 1



जैकी श्रॉफ ने ताजा की पुरानी यादें

'तेरी मेहरबानियां' के 41 और 'रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ' के 30 साल पूरे

एक्टर जैकी श्रॉफ अपने करियर में कई ऐसी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं, जिन्हें आज भी दर्शक याद करते हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपनी दो पुरानी फिल्मों के खास पड़ाव पर पुरानी यादें ताजा की। जैकी ने अपनी फिल्म तेरी मेहरबानियां के 41 साल और दिवंगत एक्टर देव आनंद की फिल्म रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ के 30 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किए। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर दोनों फिल्मों के पोस्टर और तस्वीरें शेयर करते हुए इन फिल्मों से जुड़ी यादों को फिर से ताजा किया। जैकी श्रॉफ ने सबसे पहले साल 1985 में रिलीज हुई फिल्म तेरी मेहरबानियां का पोस्टर शेयर किया। विजय रेड्डी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जैकी के साथ पूनम ढिल्लों भी लीड रोल में थीं। फिल्म में ब्राउनी नाम का एक कुत्ता भी नजर आया था, जो कहानी का अहम हिस्सा था। जैकी ने पोस्टर के साथ लिखा, तेरी मेहरबानियां के 41 साल पूरे होने का जश्न। बता दें कि तेरी मेहरबानियां अपने दौर की चर्चित फिल्मों में शामिल रही है। यह फिल्म डायरेक्टर विजय रेड्डी की साल 1984 में आई कन्नड़ फिल्म थालिया भाग्य का रीमेक थी। कन्नड़ फिल्म में शंकर नाग ने लीड रोल निभाया था। इसकी कहानी को तेलुगु में मलयालम में इथेंटे नीति और तमिल में नंद्री नाम से भी बनाया गया था। इसके बाद जैकी श्रॉफ ने फिल्म रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ से जुड़ी एक तस्वीर शेयर की। इसमें वह देव आनंद के साथ नजर आए। साल 1996 में रिलीज हुई इस फिल्म के 30 साल पूरे होने पर जैकी ने लिखा, रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ के 30 साल पूरे होने का जश्न। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने फिल्म और देव आनंद के साथ बिताए पलों को याद किया। रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ की बात करें तो, यह एक क्राइम-एक्शन थ्रिलर फिल्म थी, जिसे अशोक त्यागी ने डायरेक्ट किया था। यह साल 1967 में आई फिल्म ज्वेल थीफ का सीक्वल थी। पहली फिल्म में अशोक कुमार और देव आनंद ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं। सीक्वल में दोनों कलाकार अपने पुराने किरदारों में लौटे थे। फिल्म की स्टारकास्ट में धर्मेंद्र, जैकी श्रॉफ, शिल्पा शिरोडकर, अनु अग्रवाल और मधु भी शामिल थे। हालांकि, पहली फिल्म के मुकाबले रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। यह अनु अग्रवाल की आखिरी रिलीज फिल्म भी थी।



हजारों हिट गाने देने के बाद भी कम नहीं हुआ हिमेश रेशमिया का जुनून

बोले-आज भी नए कलाकार जैसा हूं

म्यूजिक कंपोजर और सिंगर हिमेश रेशमिया इन दिनों सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न में सुपरस्टार जज के तौर पर चर्चा में हैं। उनका मानना है कि किसी कलाकार के लंबे समय तक सफल बने रहने के लिए सिर्फ अच्छी आवाज होना काफी नहीं है बल्कि उसे समय के साथ खुद को बदलना और अपनी कला को बेहतर बनाना भी आना चाहिए। हिमेश रेशमिया ने कहा, जज होने का मतलब सिर्फ अच्छी आवाज पहचानना नहीं है बल्कि किसी की क्षमता, उसकी अलग पहचान और स्टेज पर आकर अपनी आवाज लोगों तक पहुंचाने के हौसले को पहचानना भी है। मैंने खुद इस सफर को जिया है, इसलिए जानता हूं कि इसमें कामयाबी के साथ चुनौतियां भी आती हैं। खुद को नए तरीके से पेश करना और लगातार आगे बढ़ते रहना जरूरी है। सिंगर ने कहा, जब मैं किसी कंटेस्टेंट को सुनता हूं, तो सिर्फ उसकी गायकी की तकनीक पर ध्यान नहीं देते। मैं यह भी देखता हूं कि उस कलाकार की अपनी पहचान क्या है, उसमें आगे बढ़ने की कितनी चाह है और क्या उसके अंदर ऐसा कुछ खास है, जो उसे दूसरों से अलग बनाता है। एक कलाकार को सिर्फ अपनी पुरानी कामयाबी के भरोसे नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे लगातार खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा, मेरे अपने सफर ने मुझे सिखाया है कि खुद को बदलने का मतलब सिर्फ लोगों के सामने अपनी इमेज बदलना नहीं है। इसका असली मतलब है खुद को चुनौती देना, नए एक्सपेरिमेंट करना और अपने काम के लिए जुनून बनाए रखना। कलाकार चाहे कितनी भी कामयाबी हासिल कर ले, उसके पास सीखने, कुछ नया करने और आगे बढ़ने का मौका हमेशा रहता है। हिमेश रेशमिया ने अपने म्यूजिक करियर का जिक्र करते हुए कहा, हजारों हिट गाने देने के बाद भी मेरे अंदर संगीत को लेकर वही जुनून है, जो करियर की शुरुआत में था। मैं हर नए म्यूजिक प्रोजेक्ट को एक नए कलाकार की तरह उत्सुकता के साथ देखता हूं। यही सोच मैं इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न के हर कलाकार में देखना चाहता हूं।

इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न में अलग-अलग सीजन में अपनी पहचान बना चुके सिंगर्स एक बार फिर साथ नजर आएंगे। इस बार शो में 12 जोड़ियां हिस्सा लेंगी, जो एक-दूसरे को टक्कर देंगी। हिमेश रेशमिया सुपरस्टार जज के तौर पर वापसी कर रहे हैं जबकि आदित्य नारायण शो को होस्ट करेंगे। इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

बॉलीवुड डेब्यू को लेकर नर्वस हैं ईशा मालवीय

बोलीं- 'आउटसाइडर को मौका मिलना मेरे लिए बड़ी बात'

छोटे पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के बाद अब एक्ट्रेस ईशा मालवीय बड़े पर्दे पर अपनी नई पारी शुरू करने जा रही हैं। फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने को लेकर ईशा काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि, पहली फिल्म को लेकर उनके मन में घबराहट भी है लेकिन वह इस मौके को लेकर ज्यादा खुश हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि एक आउटसाइडर होने के बावजूद उन्हें बड़े पर्दे पर काम करने का मौका मिला है, जो उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। ईशा मालवीय ने आईएएनएस से बातचीत में अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, पहली फिल्म होने की वजह से मैं नर्वस हूं और मुझे डर भी लग रहा है लेकिन मेरी खुशी नर्वस होने से कहीं ज्यादा है। एक आउटसाइडर के तौर पर बड़े पर्दे तक पहुंचना मेरे लिए बड़ी बात है। मैं इस मौके को लेकर काफी एक्साइटेड हूं और अपनी फिल्म को दर्शकों के सामने लाने का इंतजार कर रही हूं। ईशा मालवीय ने कहा, मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं। मुझे लगता है कि अब तक मैंने जो मेहनत की है, जिंदगी में जिन मुश्किलों का सामना किया है और मुझे यहां तक पहुंचाने के लिए मेरे माता-पिता ने जो परेशानियां झेली हैं, उन सबका नतीजा अब सामने आ रहा है। मैं फिल्म तुम मेरे हो से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हूं। इसके लिए मैं बहुत खुश हूं। ईशा ने कहा, मेरे लिए अभी भी इस बात पर यकीन करना आसान नहीं है कि मैं सच में बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। मुझे कई बार ऐसा लगता है, जैसे मैं कोई सपना देख रही हूं। हालांकि, जब मैं फिल्म से जुड़े लोगों को अपने साथ देखती हूं, तो मुझे इस बात का एहसास होता है कि मेरा सपना अब हकीकत बन रहा है। यह मेरे लिए अनुभव काफी खास है और मैं इस नए सफर को लेकर उत्साहित हूं। अपनी फिल्म तुम मेरे हो को लेकर ईशा ने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह उन दर्शकों को पसंद आएगी, जो पर्दे पर एक सिंपल लव स्टोरी देखना चाहते हैं। हम दर्शक के तौर पर अक्सर शिकायत करते हैं कि अच्छी फिल्में नहीं आ रही हैं। फिल्मों में बहुत हिंसा और खून-खराबा है। रोमांस कहां है? एक सिंपल लव स्टोरी कहां है? इसलिए हम आपके लिए तुम मेरे हो लेकर आए हैं। फिल्म तुम मेरे हो में ईशा मालवीय के साथ एक्टर गुरमीत चौधरी भी नजर आएंगे। आशीष पांडा के डायरेक्शन में बनी यह म्यूजिकल फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



चलो शादी कर लेते हैं, रश्मिका ने पूरे एक साल तक विजय से की थी जिद, करण जौहर के शो में खुला राज

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी शादी और पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। दोनों जल्द ही पॉपुलर चैट शो कॉफी विद करण के फिनाले सीजन के दूसरे एपिसोड में साथ नजर आएंगे। शो के हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में कपल ने अपनी शादी से जुड़ा दिलचस्प खुलासा किया। विजय ने बताया कि रश्मिका ने उनसे शादी करने के लिए करीब 100 बार पूछा था। वहीं, रश्मिका ने कहा कि उन्होंने पूरे एक साल तक विजय से शादी की बात की। शो के होस्ट करण जौहर के साथ बातचीत के दौरान दोनों ने अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े कई मजेदार किस्से भी शेयर किए। पॉपुलर चैट शो %कॉफी विद करण% के फाइनल सीजन की शुरुआत सलमान खान के साथ हुई थी। अब दूसरे एपिसोड में विजय और रश्मिका एक साथ काउच पर नजर आएंगे। रश्मिका पहली बार इस शो का हिस्सा बनी हैं, जबकि विजय इससे पहले अपनी फिल्म लाइगर की को-स्टार अनन्या पांडे के साथ कॉफी विद करण में आ चुके हैं। शो के प्रोमो में करण जौहर ने विजय और रश्मिका से पूछा कि क्या दोनों के बीच शादी के लिए प्रपोजल हुआ था? इस पर रश्मिका ने सिर हिलाकर जवाब दिया कि ऐसा कुछ नहीं हुआ था। इसके बाद विजय ने बताया कि रश्मिका ने ही उनसे शादी की बात शुरू की थी। विजय ने कहा, वह मुझसे कहती थी कि चलो शादी कर लेते हैं। मैं कहता था, ठीक है, आप मुझसे 100 बार पूछ चुकी हो। करण ने जब रश्मिका से पूछा कि क्या उन्होंने सच में विजय से 100 बार शादी के लिए कहा था, तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया, मैंने उनसे पूरे एक साल तक पूछा था। इस पर विजय ने सफाई देते हुए कहा, मैं कोई बुरा इंसान नहीं हूं। कपल की यह बातचीत वाला प्रोमो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शो के रैपिड फायर राउंड के दौरान करण जौहर ने रश्मिका से उनके एनिमल को-स्टार रणबीर कपूर और पुष्पा के को-स्टार अल्लू अर्जुन में से किसी एक को चुनने के लिए कहा। इस सवाल पर रश्मिका ने अल्लू अर्जुन का नाम लिया। वहीं, करण ने विजय से पूछा कि रश्मिका के अलावा उन्हें किस एक्टर के साथ अपनी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री सबसे अच्छी लगती है। विजय के जवाब देने से पहले ही रश्मिका ने बीच में कहा, किसी के साथ नहीं। इस पर विजय ने मजाकिया अंदाज में कहा कि खुशहाल शादी का उनका मंत्र बहुत आसान है- हमेशा अपनी पत्नी की बात मानो। बता दें कि विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना लंबे समय तक अपना रिश्ता छिपाए रखा था। दोनों ने 26 फरवरी को उदयपुर के आईटीसी मेमेंटोस में शादी की।



page 7_Layout 1 18-10-2026 18:10 Page 1

ग्वालियर हादसे पर गृह मंत्रालय ने जताया दुख, मृतकों की संख्या 14 पहुंची

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास हुए सड़क हादसे पर केंद्रीय गृह मंत्रालय समेत अन्य लोगों ने दुख जताया है। इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है और 27 लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इस हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति उन्होंने संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिवारों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। साथ ही, घायलों को हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं, मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ग्वालियर के चीनोर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में शीतला माता मंदिर के दर्शन के



लिए जा रहे श्रद्धालुओं की असमय मौत का समाचार हृदय को द्रवित करने वाला है। उन्होंने मातारानी से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले 14 लोगों में से पुलिस ने 11 की पहचान कर ली है, जबकि तीन मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। मृतकों में महलगांव निवासी सतेंद्र सिंह गुर्जर उर्फ जगदीश सिंह, राजीव नगर निवासी सरला तोमर, खुरेरी के बड़ागांव निवासी गौरव परिहार, श्योपुर के सहसराम निवासी महेश शर्मा, शिवपुरी जिले के महागावरा निवासी विमलेश और भितरवार के मावटा निवासी देवेश बघेल शामिल हैं। इसके अलावा, ठाठीपुर निवासी प्रिंस उर्फ छोटू जाटव, श्योपुर के सहसराम निवासी शौर्य शर्मा, शिवनगर गदाईपुरा निवासी हेमंत राठौर, महेशपुरा निवासी दिव्यांश कुशवाह और गदाईपुरा निवासी पवन राठौर की भी इस हादसे में मौत हुई है। जयारोग्य अस्पताल समूह के अधीक्षक सुधीर सक्सेना ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि उनके अस्पताल में 13 लोगों को मृत अवस्था में लाया गया था। करीब 10 मरीज प्रारंभिक उपचार के बाद घर जा चुके हैं, जबकि कई घायलों का इलाज जारी है। इनमें कुछ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर मृतकों के परिजनों ने हंगामा किया।

डांडिया के बाद ड्रेस रिटर्न करने का दावा वायरल, ऑनलाइन शॉपिंग की पॉलिसी के दुरुपयोग पर छिड़ी बहस

वायरल वीडियो ने उठाए सवाल, विक्रेताओं के खर्च और ग्राहकों की जिम्मेदारी पर चर्चा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। नवरात्रि और डांडिया के बाद ऑनलाइन खरीदे गए कपड़ों को वापस करने के दावे ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में बड़ी संख्या में रिटर्न पार्सल दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। इसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या कुछ ग्राहक त्योहारों और विशेष आयोजनों के लिए कपड़े मंगवाकर इस्तेमाल करने के बाद उन्हें वापस कर रहे हैं? वायरल वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ यूजर्स ने इसे ऑनलाइन शॉपिंग की रिटर्न पॉलिसी के संभावित दुरुपयोग से जोड़ते हुए आलोचना की है, जबकि इस मामले में पार्सलों की



वास्तविक सामग्री और उन्हें लौटाने के कारणों को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। ऑनलाइन खरीदारी में सामान लौटाने की सुविधा ग्राहकों के लिए उपयोगी है। गलत आकार, खराब उत्पाद या ऑर्डर से अलग सामान मिलने जैसी परिस्थितियों में यह सुविधा जरूरी साबित होती है। हालांकि, यदि कोई ग्राहक पहले से ही किसी वस्तु को केवल एक आयोजन में इस्तेमाल करने के उद्देश्य से खरीदता है और फिर उसे लौटाता है, तो इससे विक्रेताओं को अतिरिक्त पैकिंग, परिवहन और रिटर्न प्रक्रिया का खर्च उठाना पड़ सकता है।

दावे की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी

इस वायरल मामले में यह स्वतंत्र रूप से प्रमाणित नहीं हुआ है कि वीडियो में दिखाए गए सभी पार्सल डांडिया के कपड़ों के ही हैं या उन्हें इस्तेमाल करने के बाद लौटाया गया है। इसी तरह, इसे खगड़िया गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राओं से जोड़ने वाले दावे की भी पुष्टि नहीं हुई है। कॉलेज या संबंधित लोगों का आधिकारिक पक्ष सामने आने तक किसी संस्थान या छात्रा को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। फिलहाल, यह मामला ऑनलाइन खरीदारी में ग्राहकों की जिम्मेदारी, रिटर्न पॉलिसी के सही इस्तेमाल और कारोबारियों के हितों को लेकर बहस का विषय बना हुआ है।

बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव की हालत नाजुक; बेटे डॉ. मोहित यादव ने निधन की खबरों का किया खंडन

डेली आवाज भारती

बहरोड़ राजस्थान के बहरोड़ से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक डॉ. जसवंत यादव की तबीयत अत्यधिक नाजुक बनी हुई है। उन्हें गंभीर स्थिति में जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उनके सघन उपचार में जुटी हुई है। इस बीच सोशल मीडिया पर उनके निधन को लेकर फैली भ्रामक खबरों का उनके परिजनों ने खंडन किया है। विधायक के पुत्र डॉ. मोहित यादव ने अपने सोशल मीडिया (फेसबुक) पेज पर पोस्ट साझा कर स्पष्ट किया कि उनके निधन की खबरें पूरी तरह झूठी और निराधार हैं। उन्होंने आमजन और समर्थकों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। महात्मा गांधी अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, विधायक डॉ. जसवंत यादव लंबे समय से प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे



4 बार विधायक और 1 बार सांसद रहे हैं डॉ. यादव:

उल्लेखनीय है कि डॉ. जसवंत यादव राजस्थान की राजनीति के वरिष्ठ नेता हैं। वे बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक और अलवर लोकसभा सीट से एक बार सांसद रह चुके हैं। वर्तमान में भी वे बहरोड़ से भाजपा विधायक के रूप में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनके अस्वस्थ होने की खबर मिलते ही समर्थकों और राजनीतिक जगत में उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की जा रही है।

हैं। करीब एक सप्ताह पूर्व स्वास्थ्य अधिक बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वर्तमान में उनकी स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है और मेडिकल बुलेटिन के अनुसार डॉक्टर उनकी जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

संजय सोनी की मौत के बाद MGH मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन, परिजनों में भारी आक्रोश, न्याय की मांग

डेली आवाज भारती

15 अक्टूबर की रात 80 फुट रोड पर जानलेवा हमले का आरोप, उपचार के दौरान घायल की मौत; आरोपियों की गिरफ्तारी और हत्या की धाराएं जोड़ने की मांग जोधपुर। शहर के माता का थान थाना क्षेत्र में कथित जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल संजय सोनी की मौत के बाद परिजनों और समाज के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मृतक के परिजनों और समाज के लोगों का गांधी अस्पताल (स्त्रञ्ञ) की मोर्चरी के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारी मामले में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग परिजनों के अनुसार, 15 अक्टूबर 2026 की रात करीब 11ः30 बजे जोधपुर के 80 फुट रोड स्थित पुरानी प्याऊ के पास संजय सोनी पर लाठी-डंडों, लोहे के पाइप और हॉकी स्टिक से हमला किया गया था। हमले में गंभीर रूप से घायल संजय




सोनी का उपचार चल रहा था, लेकिन उनकी मौत हो गई। परिवार ने आरोप लगाया है कि वारदात के दौरान 45 हजार रुपये नकद और दो मोबाइल फोन भी छीन लिए गए। मामले में माता का थान थाने में 16 अक्टूबर को एफआईआर संख्या 0243 दर्ज करवाई गई थी। पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर नामजद आरोपियों हेमंत दाधीच और मोहित दाधीच सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही एफआईआर में जांच के आधार पर हत्या से संबंधित धाराएं जोड़ने और मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग उठाई है।

नवरात्र पर नारी शक्ति का उत्सव मनाते हुए कंगना रनौत ने अपनाई पारंपरिक शिल्प

डेली आवाज भारती

मुंबई। भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने भारत की पारंपरिक शिल्प कला और सांस्कृतिक विरासत को अपनाकर नवरात्र का जश्न मनाया। %क्वीन% अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फोटोशूट के %बिहाइंड-द-सीन्स% (बीटीएस) पल साझा किए। उन्होंने पारंपरिक परिधान पहनने पर अपनी खुशी जाहिर की, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

उन्होंने लिखा, ÷हमारे अपने पारंपरिक शिल्प और सांस्कृतिक विरासत को पहनना बहुत खुशी की बात है। गरबा उत्सव के लिए छत्तीसगढ़ में होना भी बहुत अच्छा लग रहा है। यहां फोटोशूट का एक छोटा सा बीटीएस है।÷ रनौत ने नवरात्र और गरबा के महत्व के बारे में एक दिल छू लेने वाला संदेश भी साझा किया, जिसमें उन्होंने इस त्योहार का स्त्री शक्ति और दिव्य नारीत्व से जुड़ाव बताया। उन्होंने



कहा, ÷नवरात्र स्त्रीत्व का उत्सव है और गरबा जीवन का नृत्य है। इन सबके केंद्र में देवी (शक्ति) हैं। नवरात्र की शुभकामनाएं। कंगना ने फोटोशूट का एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें वह अपने पारंपरिक परिधान में अलग-अलग पोज देती और नाचती हुई नजर आ रही हैं। %तनु वेड्स मनु% की अभिनेत्री ने कई रंगों वाला, भारी कढ़ाई वाला लहंगा-चोली पहना है। इसके साथ उन्होंने काली चूड़ियां और चांदी के आभूषण पहने हैं, जो उनके फेस्टिव लुक को और भी शानदार बना रहे हैं। कंगना ने इस वीडियो में नगाड़ा संग ढोल÷ गाना भी जोड़ा है। इस गाने को संजय लीला भंसाली ने कंपोज किया है, इसे श्रेया घोषाल और उस्मान मीर ने गाया है और इसके बोल सिद्धार्थ-गरिमा ने लिखे हैं। खास बात यह है कि फिल्म इंडस्ट्री से उनके कई दोस्तों और साथियों ने कमेंट सेक्शन में अपनी प्रतिक्रिया दी है। अनुपम खेर ने कमेंट किया, ÷आप सबसे बेहतरीन हैं।÷ वहीं, ओरी ने हार्ट वाले इमोजी पोस्ट किए। बता दें कि 11 अक्टूबर को घटस्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरुआत हुई, जो 20 अक्टूबर को विजयादशमी (जिसे दशहरा भी कहा जाता है) के साथ संपन्न होगी। दिलचस्प बात यह है कि कंगना रनौत को अपनी हिमाचली जड़ों पर गर्व है और वह अक्सर हिंदू त्योहारों, खासकर नवरात्र के दौरान अपनी आस्था जाहिर करती हैं। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के भांबला की रहने वाली अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना अक्सर पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए और मंदिरों में जाकर त्योहार मनाती हैं।

वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को नौटंकी बताना भाजपा की हताशा : राव नरेंद्र सिंह

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी 'वोट बचाओङ्कदेश बचाओ' अभियान के तहत रविवार को तोशाम और हांसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके प्रतीकात्मक पुतले दहन किए गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया। दोनों स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस का यह राष्ट्रव्यापी अभियान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस प्रभारी



संजय दत्त के मार्गदर्शन तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ता इस अभियान को गांव-गांव और ब्लॉक स्तर तक पहुंचाने के लिए सक्रिय हैं। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त ने भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें उन्होंने 'वोट बचाओङ्कदेश बचाओ' अभियान को कांग्रेस की नौटंकी बताते हुए इसका विरोध करने की बात कही है। संजय दत्त ने कहा कि भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर उसे लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान से परेशानी क्यों हो रही है। क्या भाजपा इस देश से लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है? क्या जनता की आवाज उठाना और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग करना अब भाजपा की नजर में नौटंकी हो गया है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता के वोट की ताकत की रक्षा के लिए आवाज उठा रही है।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए उठाई गई आवाज को नौटंकी बताना भाजपा की हताशा : राव नरेंद्र सिंह

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि 'वोट बचाओङ्कदेश बचाओ' अभियान को नौटंकी बताना भाजपा की हताशा को दर्शाता है। जब विपक्ष चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता, मतदाता सूची की विश्वसनीयता और जनता के मताधिकार से जुड़े सवाल उठाता है, तो भाजपा को उन सवालों का जवाब देना चाहिए, न कि आंदोलन को बदनाम करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता जनता के वोट से मिलती है और जनता के वोट की रक्षा करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। यदि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच और पारदर्शी समाधान होना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सवालों का जवाब देना जिम्मेदारी है, न कि सवाल उठाने वालों का विरोध करना। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर जनता के मन में किसी भी प्रकार का संदेह नहीं रहना चाहिए। भाजपा को अपनी राजनीतिक ताकत पर भरोसा है तो उसे निष्पक्ष चुनाव की मांग का स्वागत करना चाहिए। लोकतंत्र में जनता का फैसला सर्वोपरि है और कांग्रेस हमेशा जनादेश का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से मैदान में हैं। भाजपा चाहे इस अभियान को कोई भी नाम दे, लेकिन कांग्रेस जनता के मताधिकार से जुड़े मुद्दों को उठाना बंद नहीं करेगी। यह लड़ाई किसी राजनीतिक पद या सत्ता के लिए नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए है।

हैदराबाद के इंजीनियरिंग कॉलेज में डांडिया कार्यक्रम के दौरान हादसे की खबर, दो लोगों की मौत का दावा

हैदराबाद। हैदराबाद के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में डांडिया कार्यक्रम के दौरान हादसा होने की खबर सामने आई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान लाइटिंग और सजावट से जुड़े इंतजामों के बीच हादसा हुआ, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी में इस घटना में दो लोगों की मौत होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक मृतकों की संख्या और हादसे के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना के बाद लोगों के बीच हादसे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि हादसा किस वजह से हुआ और इसमें किन लोगों को नुकसान पहुंचा। पुलिस एवं प्रशासन की ओर से घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी सामने आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस घटना से जुड़े दावों की स्वतंत्र पुष्टि आवश्यक है। मृतकों की पहचान, हादसे की परिस्थितियों और जिम्मेदारी से जुड़े तथ्यों पर संबंधित अधिकारियों की पुष्टि के बाद ही स्पष्ट जानकारी सामने आ पाएगी।

16 साल पुराने मामले में राखी सावंत के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश

- 'राखी का इंसाफ' शो से जुड़ा मामला, झांसी की अदालत की कार्रवाई से फिर चर्चा में आईं अभिनेत्री

डेली आवाज भारती

झांसी। बॉलीवुड अभिनेत्री राखी सावंत एक बार फिर चर्चा में हैं। वर्ष 2010 में प्रसारित उनके चर्चित टीवी शो 'राखी का इंसाफ' से जुड़े एक पुराने मामले में झांसी की अदालत द्वारा उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि अदालत ने 16 अक्टूबर 2026 को इस संबंध में आदेश दिया। मामला झांसी के प्रेमनगर थाना क्षेत्र के निवासी लक्ष्मण से जुड़ा बताया जाता है। जानकारी के अनुसार, लक्ष्मण की शादी अनीता नाम की महिला से हुई थी और दोनों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर उस समय टीवी शो



'राखी का इंसाफ' में भी मामला उठाया गया था। आरोप है कि शो के दौरान लक्ष्मण के संबंध में अभद्र भाषा और गाली-गलौज का इस्तेमाल किया गया था। बताया जाता है कि 23 अक्टूबर 2010 को कार्यक्रम का दोबारा प्रसारण होने के बाद लक्ष्मण मानसिक रूप से परेशान हो गए थे। परिजनों के मुताबिक, इसके बाद उन्होंने आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मामले की जांच की गई और कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ी। इस प्रकरण में जांच, चार्जशीट और सुनवाई से जुड़ी कार्रवाई होने की जानकारी दी जा रही है। करीब 16 साल पुराने इस मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी करने के आदेश की खबर सामने आने के बाद राखी सावंत एक बार फिर सुर्खियों में हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु और पीएम मोदी ने ग्वालियर हादसे पर जताया शोक, पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास हुए हादसे में 12 लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर पोस्ट किया, ÷ग्वालियर, मध्य प्रदेश में हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु का समाचार दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल




हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।÷ पीएमओ के %एक्स% पोस्ट में लिखा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुए हादसे में लोगों की जान जाने की खबर से बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

कनाडा में पीआर का इंतजार कर रहे पंजाबियों के बड़ी खुशी की खबर

क्या भारत-कनाडा के सुधरते रिश्तों से आसान होंगे रास्ते?

डेली आवाज भारती

कनाडा में स्थायी निवास (PR) का इंतजार कर रहे पंजाबी युवाओं के लिए आने वाला समय महत्वपूर्ण हो सकता है। भारत और कनाडा के बीच संबंधों में सुधार के संकेतों के बीच अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या दोनों देशों के बेहतर होते रिश्तों का असर इमिग्रेशन नीति, स्टडी वीजा और PR की प्रक्रिया पर भी देखने को मिलेगा। कनाडा में हर साल चार लाख या उससे अधिक प्रवासियों को स्थायी निवास देने के संभावित लक्ष्य को लेकर चर्चा होती रही है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद की मुलाकात को दोनों देशों के संबंधों में सुधार की दिशा में एक



महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। भारत और कनाडा के बीच व्यापार, शिक्षा, ऊर्जा, तकनीक और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। ऐसे में पंजाब और हरियाणा के उन युवाओं की उम्मीदें भी बढ़ी हैं, जो कनाडा में पढ़ाई करने या स्थायी रूप से बसने का सपना देख रहे हैं। हालांकि, युवाओं के लिए सबसे बड़ा सवाल यही है कि दोनों देशों के बीच बेहतर होते संबंधों का स्टडी वीजा और पीआर आवेदनों पर वास्तविक असर कब और किस रूप में दिखाई देगा। केवल कूटनीतिक संबंधों में सुधार के आधार पर वीजा प्रक्रिया आसान होने या पीआरमिलने की संभावना बढ़ने का दावा नहीं किया जा सकता। उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2023 में भारतीय विद्यार्थियों की स्टडी वीजा अर्जियों की अस्वीकृति दर 32 प्रतिशत बताई गई थी।

क्या अब आसान होगा पीआर का रास्ता?

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत और कनाडा के संबंधों में सुधार अपने आप इमिग्रेशन नियमों में बदलाव की गारंटी नहीं है। स्टडी वीजा और स्थायी निवास के आवेदन संबंधित पात्रता शर्तों, दस्तावेजों, इमिग्रेशन कार्यक्रमों और कनाडा सरकार की नीतियों के आधार पर तय होते हैं। ऐसे में पंजाब के युवाओं को किसी भी फैसले से पहले कनाडा सरकार की आधिकारिक इमिग्रेशन घोषणाओं पर नजर रखनी चाहिए। अब देखना होगा कि दोनों देशों के बीच जारी बातचीत का इमिग्रेशन नीति पर कोई ठोस असर पड़ता है या नहीं। फिलहाल, कनाडा में क्कऔर स्टडी वीजा का इंतजार कर रहे पंजाबियों की नजरें दोनों देशों के संबंधों और कनाडा की आगामी इमिग्रेशन नीतियों पर टिकी हुई हैं।

CMYK

page 8_Layout 1 18-10-2026 21:17 Page 1

बरनाला की रामलीला में शहर की प्रमुख हस्तियों ने की शिरकत

कार्यक्रम में रामायण के आदर्शों और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का दिया संदेश श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने और सामाजिक सद्भाव मजबूत करने का दिया संदेश



बरनाला (नवीन सिंगला काली) बरनाला की रामलीला में शहर की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, और इस पावन अवसर पर उन्होंने कहा कि रामलीला भगवान श्रीराम के आदर्शों को याद करने और सत्य तथा धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन मर्यादा, कर्तव्य और सत्यनिष्ठा का संदेश देता है। रामलीला के माध्यम से इन आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का अवसर मिलता है। ऐसे आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जतिंदर जिमी जी Org Sec शिरोमणि अकाली दल, ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज के लोगों को एक साथ जोड़ते हैं। इनके माध्यम से आपसी प्रेम, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने का संदेश मिलता है। उन्होंने आयोजकों और कार्यक्रम से जुड़े लोगों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की परंपराओं को आगे बढ़ाते रहना चाहिए। इस पावन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य बिन्दु रहीं शहर की प्रमुख हस्तियां हसनप्रीत भारद्वाज (मेयर नगर निगम) बरनाला, जतिंदर जिम्मी, संगठन सचिव, शिरोमणि अकाली दल, शिव सिंगला (MD) टंडन इंटरनैशनल स्कूल बरनाला, श्री सुरिंदर मित्तल जी (गणेश ज्वैलर्स) बरनाला, हेमन्त मित्तल (एडिटर) डेली आवाज भारती एवं (फॉउंडर) क्राइम आवाज इंडिया, इस मंच पर हेमन्त मित्तल (एडिटर) डेली आवाज भारती ने लोगों संबोदन करते हुए कहा के ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध विरासत को सहेजने के साथ समाज में प्रेम, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव को भी मजबूत करते हैं। मैं आयोजन समिति, कलाकारों, स्वयंसेवकों और इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी लोगों को हार्दिक बधाई देता हूँ, आइए, हम सब मिलकर भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने और समाज में सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लें।



नवांगांव मुख्य बाजार में लगा भीषण जाम, ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की कमी से घंटों फंसे रहे लोग







डेली आवाज भारती

नवांगांव (मोहाली): (हरतेज सिंह तेजी) सवा लाख से अधिक आबादी वाला मोहाली जिले का कस्बा नवांगांव आए दिन समस्याओं से घिरा रहता है। जहां एक ओर क्षेत्रवासी पीने के पानी, बिजली और सीवरेज की समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बाजारों में लगने वाले लंबे-लंबे जाम से भी बेहद परेशान हैं। त्योहारों के सीजन के चलते इन दिनों लोग खरीदारी के लिए बाजारों में निकल रहे हैं, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए प्रशासन की ओर से पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की भारी कमी बनी हुई है। पुलिस के डर और नियमों के अभाव के कारण लोग बिना किसी खौफ के सड़कों के किनारे और 'नो पार्किंग' जोन में अपने वाहन खड़े करके चले जाते हैं। इसके चलते मुख्य बाजार में ट्रैफिक की आवाजाही बुरी तरह बाधित होती है। आज भी मुख्य बाजार में गाड़ियों का लंबा जाम लग गया, जिससे आम जनता को भारी मानसिक व शारीरिक परेशानी उठानी पड़ी। इस जाम में एंबुलेंस, कई मरीज, छोटे बच्चे और बुजुर्ग घंटों फंसे रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में नवांगांव में ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती नहीं की गई, तो स्थिति और बिगे सकती है। ऐसे में कई-कई घंटों के लंबे जाम लग सकते हैं, जिससे राहगीरों के बीच लड़ाई-झगड़े और अन्य अनहोनी घटनाएं होने का अंदेशा बना रहेगा। जाम में फंसे परेशान लोगों ने पुलिस प्रशासन और उच्च अधिकारियों से पुरजोर अपील की है कि नवांगांव की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए तुरंत प्रभाव से अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि आम जनता को रोज-रोज की इस परेशानी से निजात मिल सके।

नयागांव में बंद पड़ी रजिस्ट्रियों को लेकर डीलर वेलफेयर एसोसिएशन की अहम बैठक, उठाई बहाली की मांग

डेली आवाज भारती

नयागांवः (हरतेज तेजी) नयागांव डीलर वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) की एक विशेष बैठक अध्यक्ष मनजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य एजेंडा क्षेत्र में घरों और भूखंडों (प्लाटों) की रुकी हुई रजिस्ट्रियों से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर विचार-विमर्श करना था। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों को सदस्यता/संबद्धता प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। बैठक के दौरान डीलर भाईचारे ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय (हाईकोर्ट) द्वारा बीते दिनों वन विभाग (फॉरेस्ट डिपार्टमेंट) से 16 गांवों के क्षेत्रफल (रकबे) का सीमांकन (निशानदेही) कर रिपोर्ट तलब की गई थी। इसी सिलसिले में इन 16 गांवों की रजिस्ट्रियों पर रोक लगाई गई थी, जिसमें नयागांव का कुछ क्षेत्र भी शामिल है।आम जनता को हो रही भारी परेशानी एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि रजिस्ट्रियों पर रोक लगने के कारण आम जनता को भारी मानसिक व आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने विकट हो चुके हैं कि रजिस्ट्री न होने के कारण लोगों के घरों में बिजली के मीटर और पानी के नए कनेक्शन तक नहीं लग पा रहे हैं।



हाईकोर्ट में मजबूती से पक्ष रखेगा सीनियर वकीलों का पैनल

बैठक के दौरान डीलर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा निर्णय लिया गया कि नयागांव में बंद पड़ी रजिस्ट्रियों को दोबारा शुरू करवाने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं (सीनियर एडवोकेट्स) के पैनल के माध्यम से माननीय हाईकोर्ट में अपना पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। इसके अलावा, बैठक में उपस्थित विभिन्न पदाधिकारियों ने प्रॉपर्टी डीलर भाईचारे को आ रही अन्य व्यावहारिक कठिनाइयों पर भी गहन विचार-विमर्श किया।

नन्हे-मुन्नों ने नृत्य और गीतों से बयां किया अपनों के लिए प्यार, भावुक हुए अभिभावक

डीसी मॉडल स्कूल में 'लिटल वंडर्स फैमिली-द सिम्फनी ऑफ लव' वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन

डेली आवाज भारती





डीसी मॉडल स्कूल में आयोजित 'लिटल वंडर्स फैमिली-द सिम्फनी ऑफ लव' वार्षिक पारितोषिक समारोह में हिस्सा लेते हुए छात्र और छात्रों को सम्मानित करते हुए स्कूल के प्रबंधक।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): किसी बच्चे के लिए उसके माता-पिता का प्यार दुनिया की सबसे खूबसूरत अनुभूति होती है। मां की ममता, पिता का दुलार और दादा-दादी का स्नेह उसके बचपन को यादगार बनाते हैं। इसी खूबसूरत रिश्ते को मंच पर जीवंत करते हुए डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों के वार्षिक पारितोषिक समारोह 'लिटल वंडर्स = फैमिली ङ्क द सिम्फनी ऑफ लव' का आयोजन किया गया। मदर लैप से लेकर पहली कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपने मनमोहक नृत्य, भावपूर्ण गीतों और मासूम अदाओं से परिवार के प्रति अपने प्रेम को अभिव्यक्त किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने जहां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं कई प्रस्तुतियों ने अभिभावकों को भावुक भी कर दिया। कार्यक्रम में।न्यायिक अधिकारी अनूप सिंह, डा.शमनप्रीत कौर, युद्ध नशेयां विरुद्ध के जिला कॉर्डिनेटर डा.अमनदीप कौर, जिला चुनाव इंचार्ज गगनदीप कौर, कोमिला, डा.आंचल, रेणु चावला, प्राची मित्तल, मीनाक्षी मित्तल ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि डीसीएम ग्रुप की सीनियर डायरेक्टर एकेडमिक्स डा. रागिनी गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद मंच पर नन्हे कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा रंग बिखेरा कि पूरा पंडाल तालियों की गडे ड़ाहट से गूंज उठा।

इस मौके पर प्रिंसिपल याचना चावला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि डीसी मॉडल स्कूल अपनी गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा के 80वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें खेल, कला, विज्ञान और अन्य गतिविधियों में भाग लेने के अवसर देना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। समारोह में बच्चों ने 'पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा', 'मेरी प्यारी अम्मी', 'मेरे दादा-दादी', 'लडे ी', 'लुक्का-छुप्पी', 'छोटे-छोटे तमाशे', 'काउंट ऑन मी', 'वी सिंग फॉर यू' और 'मेरे निशान' जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। किसी ने अपने नृत्य से मां की ममता को सलाम किया तो किसी ने पिता के सपनों और परिवार के साथ बिताए खूबसूरत पलों को मंच पर साकार किया। बच्चों की मासूम मुस्कान, प्यारे भाव और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। समारोह में विद्यार्थियों को शाइनिंग स्टार, विज्किड, गुड सामर्थीयन, 100 फीसदी अटेंडेंस अवार्ड प्रदान किए गए।

विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल में 'डांडिया डैजल' का भव्य आयोजन

समारोह में नारी शक्ति एवं भारतीय संस्कृति के महत्व को किया उजागर

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल में नवरात्रि के पावन पर्व को समर्पित 'डांडिया डैजल' सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े उत्साह, श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति, महिला सशक्तिकरण, आपसी एकता एवं भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर महिलाओं, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आपसी प्रेम, सद्भावना एवं सामाजिक एकता का सुंदर संदेश दिया। इस कार्यक्रम का केंद्रीय विषय 'शक्ति' था, जो साहस, दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। नवरात्रि के नौ पवित्र दिनों में माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है, जो नारी की अपार शक्ति एवं सामर्थ्य को दर्शाते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए विद्यालय द्वारा डांडिया नृत्य के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि प्रत्येक महिला अपने भीतर अद्भुत शक्ति रखती है तथा अपने आत्मविश्वास, साहस एवं दृढ़ निश्चय के बल पर जीवन की प्रत्येक चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इस आयोजन के माध्यम से महिलाओं के बीच आपसी सहयोग, सम्मान, समझदारी एवं एकता की भावना को और अधिक मजबूत करने का भी प्रयास किया गया इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालय के डायरेक्टर डा.एस.एन रुद्रा ने बताया कि 'डांडिया डैज़ल' जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम नई पीढ़ी को भारत की समृद्ध परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत से जोडने के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शक्ति का अर्थ केवल दैवीय शक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास, सामर्थ्य एवं उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का भी प्रतीक है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जब महिलाओं को उचित अवसर, सम्मान एवं प्रोत्साहन मिलता है, तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि संपूर्ण समाज की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की मुख्य संरक्षिका प्रभा भास्कर द्वारा सचिव डॉली भास्कर की उपस्थिति में पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस शुभ रस्म के साथ कार्यक्रम का मंगलमय आरंभ हुआ तथा संपूर्ण वातावरण श्रद्धा, प्रसन्नता एवं उत्साह से भर गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे परिधानों, मधुर संगीत एवं सांस्कृतिक रंगों से सजा हुआ दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण करके डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उनके बेहतरीन तालमेल, लयबद्ध कदमों, आत्मविश्वास एवं उत्साह ने दर्शकों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने नवरात्रि के पर्व से जुड़ी सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। उल्लेखनीय है कि डांडिया रास गुजरात की एक प्रसिद्ध लोकनृत्य परंपरा है, जिसका नवरात्रि के पर्व से गहरा संबंध है। सजी हुई डांडिया छर्डों के साथ संगीत की लय पर किया जाने वाला यह नृत्य मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा, सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सद्भावना एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है।

बॉर्डर पर बड़ा एक्शनः एंटी-ड्रोन टीम का कांस्टेबल ही निकला नशा तस्कर, 15 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

तरनतारन, पंजाब में सीमा पार (पाकिस्तान) से होने वाली हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने एक बड़े ऑपरेशन के दौरान पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल को ही गिरफ्तार किया है। आरोपी जवान के पास से भारी मात्रा में हेरोइन की खेप बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किया गया आरोपी पंजाब पुलिस द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई एंटी ड्रोन टीम का सदस्य था। बीएसएफ द्वारा सीमावर्ती इलाके में की गई इस बड़ी कार्रवाई में कांस्टेबल के कब्जे से करीब 15 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। शुरुआती जांच और सूत्रों के मुताबिक, आरोपी कांस्टेबल एंटी-ड्रोन टीम में होने का फायदा उठाकर खुद सीमा पार के तस्करों से संपर्क में था। वह पाकिस्तानी ड्रोनों के जरिए भारतीय सीमा में गिराई जाने वाली हेरोइन की लोकेशन ट्रैक कर उसे खुद ठिकाने लगाने और आगे सप्लाई करने का काम कर रहा था। Dainik Jagran की रिपोर्ट के अनुसार, इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से सतर्क हो गई हैं।

जांच के घेरे में कई और नाम

एक पुलिसकर्मी की इस तरह तस्करी में संलिप्तता पाए जाने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। पुलिस अब आरोपी कांस्टेबल का मोबाइल डेटा और बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस बड़े नार्को-सिंडिकेट में उसके साथ पुलिस महकमे या स्थानीय स्तर के कौन-कौन से लोग शामिल हैं। इसके साथ ही सीमावर्ती जिलों में बीएसएफ के साथ मिलकर Dainik Bhaskar के मुताबिक अन्य संदिग्ध ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिए गए हैं। क्या आप इस खबर के लिए अखबार की फ्रंट-पेज हेडलाइन को थोड़ा और आकर्षक बनाना चाहते हैं, या आपको इसके साथ कोई विशेष बॉक्स न्यूज़ जोड़नी है?